



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, बुधवार 23 अप्रैल 2025 | वर्ष-13 अंक-251 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए | पेज - 6


## ब्रीफ न्यूज

### सेंसेक्स 187 अंक ऊपर 79,596 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 187 अंक चढ़कर 79,596 पर बंद हुआ। निफ्टी में 42 अंक की तेजी रही, ये 24,167 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में रही। आईटीसी, एचयूएल, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक और जोमैटो में 2.50 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुए। इंडसइंड बैंक का शेयर 4.73 प्रतिशत गिरा। वहीं, पावर ग्रिड, एयरटेल, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व और अडाणी पोर्ट्स के शेयरों में 2.3 प्रतिशत तक गिरावट रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 गिरकर बंद हुए। हालांकि, एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेस में रियल्टी में 2.42 प्रतिशत, एफएमसीजी में 1.89 प्रतिशत, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.50 प्रतिशत, निफ्टी हेल्थकेयर में 0.80 प्रतिशत और सरकारी बैंक में 0.75 प्रतिशत की तेजी रही।

### महाराष्ट्र में ओला के 121 स्टोर्स बंद होंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी ओला के 121 स्टोर्स बंद होंगे। महाराष्ट्र के ट्रांसपोर्ट विभाग ने लोकल आरटीओ को इन्हें बंद करने के निर्देश दिए हैं। ट्रांसपोर्ट विभाग ने ओला के 146 स्टोर्स की जांच की थी, इनमें 121 से ज्यादा स्टोर्स बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के चल रहे थे। दरअसल, पिछले महीने आरटीओ ने महाराष्ट्र में ओला के कई स्टोर्स पर छापेमारी की थी। स्टोर्स पर ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं होने के चलते 192 व्हीकल्स को जब्त कर कारण बताओ नोटिस दिए गए थे। ओला के स्टोर्स पर देशभर में आरटीओ कार्रवाई हुई थी। अब तक महाराष्ट्र के अलावा मध्यप्रदेश और राजस्थान के 32 स्टोर्स पर रेड पड़ चुकी है। इसमें 50 से ज्यादा इलेक्ट्रिक गाड़ियों को जब्त किया जा चुका है।

### ट्रेनिंग प्लेन क्रैश, एक पायलट की मौत

**अमरेली।** गुजरात में अमरेली के गिरिया रोड स्थित रिहायशी इलाके में एक पायलट ट्रेनिंग सेंटर का प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पायलट की मौत हो गई है। विमान के गिरने के बाद जोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। अमरेली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हादसे का शिकार हुआ यह प्लेन एक निजी कंपनी द्वारा संचालित था। हादसे का शिकार हुए प्लेन में एक ही पायलट सवार था, जिसकी मौत हो गई। पायलट का नाम अनिकेत महाजन है।

### बच्चू डॉन मुठभेड़ में ढेर

**जम्मू।** जम्मू पुलिस द्वारा पंजाब से लाए जा रहे वांछित अपराधी मुश्ताक अली उर्फ राज अली उर्फ बच्चू डॉन की मौत पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हो गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी को जम्मू लाया जा रहा था, इसी दौरान उसने पुलिस पर अचानक हमला कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान किकरी मोड़, बाड़ी ब्राह्मण निवासी के रूप में की गई है। आरोपी कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था और पंजाब से हिरासत में लिया गया था।

### बच्ची का कान खा गए कुत्ते

**अलवर।** अलवर में कुत्तों के झुंड ने 12 साल की बच्ची पर हमला बोल दिया। ट्यूशन पढ़कर लौट रही बच्ची को संभलने का मौका तक नहीं मिला। देखते ही देखते कुत्तों ने 50 से अधिक जगह काट खाया। एक कान पूरी तरह खा गए हैं। बच्ची को 70 से अधिक टांके लगाए गए हैं। फिलहाल बच्ची डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती है। बेटी की हालत देख मां बेहोश हो गई। बगड़ तिराहा इलाके के मीणापुरा गांव की रहने वाली कांता देवी ने बताया- मेरी 12 साल की बेटी पायल 6वीं क्लास में पढ़ती है। वह रोज शाम को ट्यूशन जाती है।

### एक्टर महेश बाबू को ईडी का समन

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक्टर महेश बाबू को हैदराबाद के दो रियल एस्टेट समूहों द्वारा खरीदारों को धोखा देने की जांच के सिलसिले में 28 अप्रैल को तलब किया है।

अमरनाथ यात्रा शुरू होने से कुछ महीने पहले आतंकियों ने दी सरकार को चुनौती...

# पहलगाम में पर्यटकों और स्थानीय लोगों से आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर मारी गोली, आतंकी हमले के बाद देशभर में आक्रोश, द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली आतंकी हमले की जिम्मेदारी

### आतंकी हमला...20 से ज्यादा मौतों की आशंका

### गृह मंत्री अमित शाह आईबी चीफ और गृह सचिव के साथ कश्मीर पहुंचे

### आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, एंटी टेरर ऑपरेशन शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को बड़ा आतंकी हमला हुआ। बेसराण में आतंकियों ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। इस हमले में 20 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 लोगों के घायल होने की आधिकारिक पुष्टि हुई है, जिनमें पर्यटक और स्थानीय शामिल हैं। यह हमला अमरनाथ यात्रा शुरू होने से कुछ महीने पहले हुआ है, जिससे सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं। पहलगाम आतंकी हमले के चश्मदीदों ने खौफनाक मंजर बयां किया। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है।

घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों की टीमें क्षेत्र में भेजी गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फायरिंग की आवाजें सुनते ही सुरक्षाबलों को बायसरन क्षेत्र में भेजा गया, जो एक नॉन-मोटरेबल इलाका है। क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन और स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। यह हमला हुआ जब पहलगाम पर्यटकों से भरा हुआ था। उधर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने लिखा- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ हैं। इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों पर कठोरतम कार्रवाई करेंगे। प्रधानमंत्री को घटना के बारे में जानकारी दी और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

#### भेलपूरी खा रहे थे और आतंकी ने पति को गोली मार दी

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में एक महिला के पति को गोली मार दी गई। हमले के बाद के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें स्थानीय लोग और पर्यटकों को भागते हुए देखा जा सकता है। ऐसा ही एक वीडियो सामने आया, जिसमें एक महिला ने दु:ख भरे शब्दों में बताया कि आतंकियों ने उनके पति को गोली मार दी। इससे पहले आतंकी ने उनसे पूछा कि क्या वह मुस्लिम है? महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ भेलपूरी खा रही थीं, तभी एक आतंकी आया, उसने पूछा मुस्लिम हो? और उनके पति को गोली मार दी। पहलगाम से आई ताजा तस्वीर में एक महिला स्थानीय लोगों से अपने पति को बचाने की अपील करती नजर आ रही हैं। इस भावुक अपील ने पूरे देश में सहानुभूति की लहर पैदा कर दी है। चश्मदीदों का कहना है कि आतंकियों ने पहले नाम पूछे और फिर उनपर गोलियां चलाई गईं।

#### स्थानीय लोगों का मिला साथ

आतंकी हमले के बाद पर्यटकों में भय का माहौल है। आजतक ने पहलगाम आए एक पर्यटक से बातचीत की। पर्यटक ने कहा कि थोड़ा सा डर का माहौल तो हुआ है। हमारे घर से भी फोन आया आप वापस आ जाओ। जब हम वापस जाने लगे थे तो हमारे जो कश्मीरी भाईयों ने हमे बोला की यहां पर ऐसा कुछ दिक्कत नहीं है, आप यहां पर रुकिए देखिये डर तो लगता है। यहां पर जो हमारे लोकल लोग हैं वो हमारे साथ हैं, हमारे भाई लोग है नहीं, वो काफी निकल गए है।

#### शाह ने की आपात बैठक

प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की और उनसे सभी उचित कदम उठाने को कहा है। इसके साथ प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री से घटनास्थल का दौरा करने को भी कहा। गृह मंत्री अमित शाह ने आपात बैठक बुलाई है। बैठक में कई शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के डीजीपी वर्चुअली इस बैठक से जुड़े थे।

#### नेताओं ने जताई संवेदना

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह कायराना हरकत निंदनीय है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हुए ऐसी हिंसा अस्वीकार्य है और इसका विरोध किया जाना चाहिए। राजौरी के नौशेरा में भाजपा नेता रविंदर रैना ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों को मार डालकर कायरता दिखाई है। उन्होंने कहा कि सेना और पुलिस ने क्षेत्र को घेर लिया है और हमले में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी। एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि मैं पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पीएम मोदी ने दिया संदेश कहा- भारत और सऊदी का रिश्ता भरोसेमंद



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब के साथ भारत के बढ़ते संबंधों की असीम संभावनाओं की तारीफ की है। जेद्दा रवाना होने से पहले एक इंटरव्यू में, पीएम ने सऊदी अरब को एक विश्वसनीय मित्र और रणनीतिक सहयोगी बताया और 2019 में रणनीतिक साझेदारी परिषद के गठन के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण विस्तार पर जोर दिया।

आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को उजागर करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा है, जिसमें ऊर्जा, कृषि और उर्वरक प्रमुख क्षेत्र हैं। उन्होंने सऊदी और भारतीय व्यवसायों के बीच गहरे एकीकरण का स्वागत किया, विशेष रूप से उभरते क्षेत्रों जैसे ग्रीन हाइड्रोजन और तकनीक में। उन्होंने कहा, भारतीय कंपनियों ने सऊदी अरब में विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति बनाए रखी है। पीएम मोदी ने वर्ल्ड एक्सपो 2030 और फीफा विश्व कप 2034 की मेजबानी के लिए बोली जीतने पर सऊदी अरब को बधाई दी, और इन दोहरी सफलताओं को 卐अत्यधिक गर्व卐 का विषय बताया। उन्होंने बढ़ते रक्षा सहयोग और महत्वपूर्ण संयुक्त सैन्य अभ्यासों को बढ़ते रणनीतिक विश्वास के संकेत के रूप में जाहिर किया। पीएम मोदी ने कहा, हमारी साझेदारी की असीम संभावनाएं हैं। एक अनिश्चितताओं से भरी दुनिया में, हमारा बंधन स्थिरता का एक स्तंभ है। उन्होंने सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों का मजबूत समर्थक और एक ऐसा दूरदर्शी नेता बताया, जिन्होंने विजन 2030 के तहत सुधारों के जरिए पूरी दुनिया में प्रशंसा हासिल की है। पीएम मोदी ने कहा, हर बार जब मैं उनसे मिला हूं, उन्होंने मुझ पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। उनकी अंतर्दृष्टि, उनकी दूरदर्शी सोच और अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का उनका जुनून वास्तव में अद्वितीय है।

# सुप्रीम कोर्ट पर फिर भड़के धनखड़- कभी प्रस्तावना को संविधान का हिस्सा बताता है, कभी नहीं

### संसद ही सुप्रीम, उससे ऊपर कुछ नहीं, सांसद असली मालिक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को लेकर चल रही बहस के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संसद ही सबसे ऊपर है। धनखड़ दिल्ली यूनिवर्सिटी में संविधान पर आयोजित प्रोग्राम में स्पीच दे रहे थे। धनखड़ ने कहा, संसद सर्वोच्च है और उसके ऊपर कोई नहीं हो सकता। सांसद ही असली मालिक हैं, वही तय करते हैं कि संविधान कैसा होगा। उनके ऊपर कोई और सत्ता नहीं हो सकती। इससे पहले 17 अप्रैल को धनखड़ ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का काम ऐसा है, जैसे वो सुप्रीम संसद हो। धनखड़ का यह बयान तब आया है, जब सुप्रीम कोर्ट में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का मामला पहुंचा है। दुबे ने कहा था कि मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। ऐसे में सीजेआई किसी राष्ट्रपति को निर्देश कैसे दे सकते हैं।

उपराष्ट्रपति ने एक बार फिर संविधान कोर्ट की आलोचना की और सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान की प्रस्तावना को लेकर व्याख्याओं में असंगति पर सवाल उठाया। जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है (गोलकनाथ मामला) दूसरे मामले में उसने कहा कि यह संविधान का हिस्सा है (केशवानंद भारती)। बता दें कि गोलकनाथ केस में संसद अनुच्छेद 368 के तहत मौलिक अधिकारों को संशोधित या समाप्त नहीं कर सकती, क्योंकि मौलिक अधिकार संविधान का अभिन्न हिस्सा हैं। यानी कि संसद को मौलिक अधिकारों में कटौती करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान के बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए। संविधान क्या होगा? इसे अंतिम रुप से तय करने वाले निर्वाचित प्रतिनिधि ही होंगे और इससे ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं होगा। इससे ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं होगा। संसद सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र सहभागी है। डॉ. अंबेडकर ने माना कि स्वतंत्रता के लिए जिम्मेदारियों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि मौलिक कर्तव्य मूल रूप से संविधान में नहीं थे। इसलिए 42वें संविधान संशोधन द्वारा हमने अनुच्छेद 51ए पेश किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बातचीत में जीता है और बातचीत में सभी बराबर हैं। लोकतंत्र की सेहत बातचीत की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

### पूर्व डीजीपी की हत्या: पत्नी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, बेटी अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या मामले में उनकी पत्नी पल्लवी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, उनकी बेटी को मानसिक स्वास्थ्य मूल्यांकन के लिए निमहंस अस्पताल में भर्ती कराया है। डीजीपी की पत्नी ने ही अपने पति की हत्या की जानकारी पुलिस को दी थी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पल्लवी और बेटी से पूछताछ कर जांच शुरू की थी। पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश ने कुछ समय पहले अपनी जान का खतरा होने की बात कही थी। पुलिस को शक था कि इस हत्या में किसी करीबी का हाथ हो सकता है।

बता दें बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट स्थित आवास में कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या कर दी गई थी। वह 1981 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि ओमप्रकाश को चाकू से गोदकर हत्या कर की है।

### लंबे इंतजार के बाद आई खुशखबरी- पिथौरागढ़ से शुरु होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**हल्द्वानी।** लंबे इंतजार के बाद खुशखबरी आई कि कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरु हो रही है। कोविड 19 के कारण वर्ष 2020 से संचालित नहीं हो पाई कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष 30 जून से शुरू होगी। केएमवीएन की ओर से इस यात्रा का संचालन होगा ।यह यात्रा उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के लिपुलेख पास मार्ग से संचालित होगी। यात्रा में 50-50 व्यक्तियों के कुल पांच दलों को शामिल किया जाएगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस बार जुलाई से शुरू होगी ।सोमवार को दिल्ली में हुई विदेश मंत्रालय, कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन), सिक्किम टूरिज्म और चीन के अधिकारियों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में भारतीय सेना, आईटीबीपी के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी मौजूद रहे ।केएमवीएन के अधिकारियों के अनुसार, बैठक में चीन के अधिकारियों की ओर से यात्रा को जून के बजाए जुलाई से शुरू कराने पर सहमति जताई गई।

# यूपीएससी सिविल सर्विस का फाइनल रिजल्ट जारी

### प्रयागराज की शक्ति दुबे टॉपर, हर्षिता गोयल दूसरे और अर्चित तीसरे स्थान पर

### मप्र के 30 से ज्यादा युवाओं ने मारी बाजी

### मप्र की आयुषी बंसल की 7वीं रैंक, ग्वालियर के माधव को 16वां, रीवा के रोमिल को 27वां, मंदसौर के ऋषभ को 28वां स्थान

**प्रयागराज।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 22 अप्रैल 2025 को सिविल सेवा परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रयागराज की शक्ति दुबे ने प्रथम रैंक (एआईआर-1) हासिल कर शहर और देश का नाम रोशन किया है। इस साल कुल 1,009 उम्मीदवारों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और अन्य केंद्रीय सेवाओं (ग्रुप ए और बी) के लिए चुना गया है। शक्ति दुबे ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि हर्षिता गोयल ने दूसरा और डोंगरे अर्चित पराग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शाह मार्गी चिराग (4), आकाश गर्ग (5), कोमल पुनिया (6), आयुषी बंसल (7), राज कृष्ण झा (8), आदित्य विक्रम अग्रवाल (9) और मयंक त्रिपाठी (10) शीर्ष 10 में शामिल हैं। 1,132 रिक्तियों के मुकाबले 1,009 उम्मीदवारों को चुना गया है। इसमें 335 सामान्य वर्ग, 109 ईडब्ल्यूएस, 318 ओबीसी, 160 एससी, 87 एसटी और 45 दिव्यांग (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवार शामिल हैं। 241 उम्मीदवारों का परिणाम अस्थायी रखा गया है। इसमें मप्र के 30 से ज्यादा युवाओं का सिलेक्शन हुआ है।

मप्र की आयुषी बंसल को 7वीं रैंक मिली है। इससे पहले आयुषी ने यूपीएससी-2023 में 97वीं और 2022 में 188वीं रैंक हासिल की थी। आयुषी का जन्म ग्वालियर में हुआ है। माता-पिता दोनों एलआईसी में काम करते थे। आईआईटी की तैयारी के लिए वो दिल्ली आ गईं। यहां मैकेंजी एंड कंपनी में काम किया। 2022 में जॉब क्विट करके यूपीएससी, सीएसई प्रिपरेशन शुरू की। ग्वालियर के माधव अग्रवाल ने 16वीं रैंक हासिल की है। साल 2019 में उन्होंने सीए में टॉप रैंक हासिल की थी। उनके पिता राकेश अग्रवाल चाय व्यवसायी हैं। वहीं, रीवा के रोमिल द्विवेदी को 27वीं रैंक मिली है। रोमिल सहकारिता विभाग के जॉइंट कमिश्नर केके द्विवेदी के बेटे हैं। पिछले साल इनका सिलेक्शन ऑल इंडिया रेलवे सर्विस में हुआ था। इसी तरह मंदसौर जिले के गरोठ के रहने वाले ऋषभ चौधरी ने 28 रैंक की हासिल की है। खास बात ये है कि ऋषभ ने बिना कोचिंग के ही ये मुकाम पाया है। वहीं, इटारसी के गरीबी लाइन निवासी मोनू शर्मा ने 359वी रैंक हासिल की है। भोपाल के क्षितिज आदित्य शर्मा को 58वां स्थान मिला है। इसी तरह इंदौर के योगेश राजपूत को रिजल्ट में 540वीं रैंक मिली है ।यूपीएससी ने 230 उम्मीदवारों की एक समेकित रिजर्व लिस्ट भी जारी की है, जिसमें 115 सामान्य, 35 ईडब्ल्यूएस, 59 ओबीसी, 14 एससी, 6 एसटी और 1 पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार शामिल हैं। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा 16 जून 2024 को, मुख्य परीक्षा 20-29 सितंबर 2024 को और साक्षात्कार (पर्सनैलिटी टेस्ट) 7 जनवरी से 17 अप्रैल 2025 तक आयोजित हुए। कुल 5-6 लाख उम्मीदवारों ने प्रारंभिक परीक्षा दी, जिनमें से 2,845 ने साक्षात्कार के लिए क्वालिफाई किया।

#### टॉप 25 कैंडिडेट्स में 11 महिलाएं और 14 पुरुष

**यूपीएससी टॉपर्स की टॉप 5 लिस्ट में 3 लड़कियों ने जगह बनाई है। वहीं टॉप 10 में 4 लड़कियां शामिल हैं। यूपीएससी ने कहा कि टॉपर्स ने आईआईटी, एनआईटी, वीआईटी, जेएनयू, दिल्ली यूनिवर्सिटी और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग, ह्यूमेनिटीज, विज्ञान, कॉमर्स, मेडिकल साइंस और आर्किटेक्ट में ग्रेजुएशन किया है।**

# सुप्रीम कोर्ट भाजपा सांसद के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई को तैयार

### निशिकांत दुबे के खिलाफ अगले हफ्ते होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए याचिका अगले सप्ताह लिस्ट करने को कहा है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं की है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस के खिलाफ दिए भाजपा सांसद के बयानों के वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने की मांग की गई है। मामला जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजे मसीह की बेंच के सामने तुरंत सुनवाई के लिए रखा गया था।

निशिकांत दुबे ने 19 अप्रैल को कहा था कि देश में गृह युद्ध के लिए सीजेआई संजीव खन्ना और धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। दुबे सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए समय सीमा तय करने के फैसले पर बात कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया था कि किसी बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

#### दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका भी दायर

**पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने 20 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके दुबे के बयानों को आपराधिक अवमानना के दायरे में लाने की मांग की थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के वकील नरेंद्र मिश्रा ने लेटर पिटिशन दायर कर स्वत: संज्ञान लेकर अवमानना कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया था। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर और शिवकुमार त्रिपाठी ने अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर आपराधिक अवमानना कार्यवाही की शुरू करने की अनुमति मांगी थी।**

#### भाजपा ने दुबे के बयान से किनारा किया

**निशिकांत दुबे के बयान पर नड्डा ने एक्स पोस्ट में लिखा था- भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा इन बयान को सिरे से खारिज करती है। पार्टी ने सदैव ही न्यायपालिका का सम्मान किया है। पार्टी ने कोर्ट के आदेशों और सुझावों को सहर्ष स्वीकार किया है।**

### गोल्ड का नया रिकॉर्ड, 1 लाख रुपए पार

#### एक दिन में 3,330 बढ़ा सोना, चांदी 342 गिरकर 95,900 प्रति किलो पर पहुंची

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,330 बढ़कर 1 लाख पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,670 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 342 गिरकर 95,900 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 96,242 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ गई है। ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं।

## » न्यूज कैप्सूल »

### तीन सदस्यीय वाणिज्य कर विभाग की टीम ने सर्राफा व्यापारी की दुकान में मारा छापा

**बिल के बिना माल की बिक्री होना अभी तक पाया गया**

**बांदा।** तीन सदस्यीय वाणिज्य कर विभाग की टीम ने सोमवार सर्राफा व्यापारी की दुकान में जांच की। दुकान मालिक के मौजूद न होने पर टीम को बिक्री व स्टाक के मिलान में दिक्कत हुई। बाहरी तौर पर जांच हो पाई। जिसमें टीम का कहना है कि बिल के बिना माल की बिक्री होना अभी तक पाया गया है। व्यवसायी के आने के इंतजार में कई घंटे तक इंतजार करना पड़ा है ज्वाइंट कमिश्नर वाणिज्य कर विभाग संतोष कुमार वर्मा के निर्देशन पर. डिप्टी कमिश्नर अवध कुमार पटेल, असिस्टेंट कमिश्नर जुबेर अहमद व राज्यकर अधिकारी सुमित कुमार की ओर से चौक बाजार स्थित एक बड़े सर्राफा कारोबारी के यहां जांच की गई। विभागीय अधिकारियों के पास रजिस्टर्ड डाक से की गई शिकायत के आधार पर यह करवाई की गई है। वाणिज्यकर के डिप्टी कमिश्नर अवध कुमार पटेल ने बताया कि करीब साड़े तीन घंटे से सर्राफा दुकान के मालिक के इंतजार में टीम उनके प्रतिष्ठान पर बैठी रही है। जबकि सराफा व्यवसायी बाहर होने की बात कह कर अभी तक नहीं आए हैं। उनके बड़े भाई के द्वारा प्रतिष्ठान में उपलब्ध कराए गए कागज और पत्रावली की जांच में जीएसटी टीम जुटी रही है। उन्होंने यह भी बताया कि स्टाक के मिलान की आधी अधूरी कार्रवाई हो पाई है। सराफा व्यवसायी के द्वारा बिना बिल के माल की बिक्री की गई है। जीएसटी की चोरी की गई है। सारे दस्तावेज का मिलान किया जा रहा है।

### ग्राम पंचायत परसौली में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**बबेरू/बांदा।** ग्राम पंचायत परसौली में पृथ्वी दिवस के अवसर पर ग्राम प्रधान रेखा देवी व प्रधान प्रतिनिधि रज्जन प्रसाद यादव के नेतृत्व में पृथ्वी दिवस मनाया गया। बताया गया व इंसानी गतिविधियों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के खिलाफ प्रदर्शन भी किया गया। लोगों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं जैसे हवा और प्रदूषित पानी, प्लास्टिक का कचरा और पेड़ों की कटाई के बारे में जागरूकता पैदा की गई, लोगों को धरती को बचाने के लिए एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। इस वर्ष पृथ्वी दिवस हमारी ,शक्ति हमारा ग्रह, थीम के साथ मनाया जा रहा है। चर्चा का विषय रहा हर पीड़ी की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने आने वाली पीड़ियों के लिए स्वस्थ और खुशहाल पृथ्वी बनाए, पर्यावरण संरक्षण में आने वाली चुनौतियां से लड़ना, जनसंख्या वृद्धि पर नजर रखना, लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के तरीके को बताना विषय पर चर्चा की गई। पर्यावरण संरक्षण के संबंध में विशेष जानकारी दी गई।

### पुत्री को बहलाकर कर ले गया युवक

**पीड़िता ने की पुत्री को बरामद करने की मांग**

**बांदा।** जनपद के थाना बबेरू क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बुढौली निवासी महिला ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अपनी पुत्री को भगा कर ले जाने वाले युवक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुत्री को बरामद करने की मां की है। जिलाधिकाकारी को दिये शिकायती पत्र में मुन्नी पत्नी मुन्ना ने बताया है कि बीती 13 मार्च को शाम 7 बजे उसकी पुत्री होली देखने के बहाने चली गयी थी। कुछ देर बाद जब लड़ी को खोजा तो पता चला कि मरका थाना क्षेत्र के मउ गांव निवासी छोटू वर्मा पुत्र शिशुपाल उसकी पुत्री को बहलाफुसलाकर ले गया। इसके अलावा महिला ने यह भी बताया कि उसकी पुत्री अपने साथ 100 ग्राम चांदी की पायल व 2000 रूपये नगद भी ले गई है। पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुत्री को बरामद करने की मांग की है।

### नगर पालिकाध्यक्ष ने सीएम से मुलाकात कर की विकास कार्यों पर चर्चा

**अतर्रा/बांदा।** नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर नगर में घट रहे जलस्तर उबर के लिए मुख्यमंत्री से नगर के जर्जर छह तालाबों के जीर्णोद्धार की मांग उठाई है। साथ ही नगर के विद्युतीकरण व मोहल्लों की सीसी रोड संपर्क मार्ग निर्माण व जल निकासी के लिए धन की मांग की है बदौसा ब्लॉक बनाने में आ रही समस्याओं की निराकरण करने की भी मांग उठाई है। मुख्यमंत्री ने विकास में धान की कमी ना होने का आश्वासन पालिका अध्यक्ष को दिया है। पालिका अध्यक्ष संगीता निराला नगर के विकास के लिए लगातार मुख्यमंत्री दरबार में हाजिरी लगाकर नगर को घटते जल स्तर से बचने के लिए व चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत दिख रही है 4 माह के अंदर सोमवार को दोपहर मुख्यमंत्री आवास में पालिका अध्यक्ष संगीता निराला ने अपनी पत्नी धर्मेंद्र के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दूसरी बार भेंट कर नगर के विकास से संबंधित पत्र दिया है पालिका अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से नगर में घटते जलस्तर को बचाने के लिए नगर के प्रमुख छह तालाब देवी तालाब, धौबा तालाब मूसा तालाब, घुम्मा तालाब दामू तालाब वह टेकना तालाब के जीर्णोद्धार की मांग उठाई है इसके साथी पालिका सीमा से जुड़े दिखितवारा ऐचवारा संपर्क मार्ग के निर्माण और नगर को विद्युतीकरण व जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ गली मोहल्ले में सीसी रोड के निर्माण के लिए धन की मांग की है।

# बाबा साहब अंबेडकर के सम्मान में भाजपा द्वारा की गई संगोष्ठी



**महोबा।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान में भाजपाइयों द्वारा एक गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा जे पी अनुरागी, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सक्सेना और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा ने महापुरषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि दीदी निरंजन ज्योति ने कहा कि 2024के चुनाव में बाबा साहब के द्वारा लिखे गये सविधान को लेकर जनता को गुमराह करते हुए कहा गया कि भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी लेकिन एनडीए की सरकार का ऐसा कोई मंतव्य नहीं था विपक्ष द्वारा सिर्फ आम लोगों को भ्रमित करने का काम किया गया। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास को लेकर काम कर रही है।

मोहन लाल कुशवाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार ने सिर्फ बाबा साहब के पंच तीर्थ बनवा कर बाबा साहब को सम्मान देने का काम किया है।

कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी व नगर पदाधिकारी के साथ अनुसूचित मोर्चे के जिला महामंत्री, संगोष्ठी प्रमुख ईश्वर दयाल, जिला उपाध्यक्ष जयपाल सोमवंशी, डॉ प्रभु दयाल पूर्व लेखाधिकारी पुष्पेंद्र गुप्ता, नरेंद्र कुशवाहा, संदीप शुक्ला, अरुण सक्सेना, कार्यक्रम संयोजक मयंक तिवारी, शंकर वाल्मिकी, रामश्रे राही, अनुसूचित मोर्चे के पदाधिकारी, प्रबुद्ध जन महिला मोर्चा पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अग्निशमन टीम ने मॉकड्रिल में सिखाये आग बुझाने के तरीके

**महोबा।** ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत आग से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन पर आज प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के निकट पर्यवेक्षण में फायर सर्विस टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में स्थापित होटल मीरा हेरिटेज एवं सरकारी अस्पताल कबरई सीएचसी में जाकर वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया तथा वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।

इसी क्रम में स्कीम नंबर 3 एवं 5 के तहत जनपद में स्थापित होटल मीरा हेरिटेज एवं सरकारी अस्पताल कबरई सीएचसी में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा वहाँ पर मौजूद समस्त स्टाफ़ को वहाँ पर स्थापित अग्निशमन उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं आग जैसी आपातकालीन घटनाओं से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## पृथ्वी दिवस के मौके पर धरा को हरा भरा रखने का लिया संकल्प




### बच्चों ने विद्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण

### पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में पर्यावरण को किया रेखांकित

**महोबा।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में पृथ्वी दिवस बडी ही धूमधाम व हर्षोउल्लाश के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक ईको क्लब प्रभारी संजीव कुमार ने प्रार्थना सभा में पृथ्वी दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये बच्चों से पृथ्वी को हरा भरा रखने की बात कही।

कार्यक्रम में ईको प्रभारी संजीव कुमार ने पृथ्वी दिवस को रेखांकित करते हुये कहा कि हम यह दिवस क्यों मना रहे है, हमको इसकी विस्तृत जानकारी होनी चाहिये। उन्होने पृथ्वी दिवस पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये बताया कि गृहों में सबसे सुन्दर हमारा गृह पृथ्वी ही है, जहां खूबसूरत वादियां, पेड पौधे, पहाड, सुन्दर झरनों के साथ साथ जीवन भी है। इसलिये हमें हमारी धरा को सदैव हरा भरा रखना चाहिये। इस दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों ने वृक्षारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्राथमिक विभाग की सीएल प्रभारी श्रीमती मंजू विश्वकर्मा ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। इस पोस्टर प्रतियोगिता में सैकडों की संख्या में बच्चों ने हिस्सा लेकर पर्यावरण को रेखांकित करते हुये पोस्टर बनाये। पृथ्वी दिवस के मौके पर सभी कक्षाओं के प्रभारियों द्वारा बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में बताया गया।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**महोबा।** आगामी अक्षय तृतीया (30 अप्रैल 2025) को दृष्टिगत रखते हुए बाल विवाह के रोकथाम हेतु अपर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी /जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के नेतृत्व में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी कराया गया। जिसमें कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे, महिला थानाध्यक्ष सुषमा चौधरी व महिला कल्याण विभाग से सुश्री संगीता राजपूत (संरक्षण अधिकारी), चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 से




सीमा यादव (परामर्शदाता) प्रियंका सिंह (सुपरवाइजर) रामदयाल (केस वर्कर) अरविंद सिंह (आउटरीच कार्यकर्ता) आदि सभी लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम तथा इसके दुष्परिणामों की जानकारी बालिकाओं को दी गयी। इसके अतिरिक्त जो बच्चे बालश्रम में संलिप्त हैं उनको बाल श्रम से मुक्त कराकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त जानकारी दी गई कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है ऐसा करने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अंतर्गत दो वर्ष का कठोर कारावास व एक लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान है। इसके साथ हेल्पलाइन नंबरों , 1098, 181 1090, 112 आदि की जानकारी दी गई।

## अतिरिक्त दहेज में 5 लाख रुपये की मांग पूरी न करने से नाराज ससुरालीजनों ने गर्भवती नवविवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव की निवासी नवविवाहित महिला को उसके पति सहित अन्य सभी ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में 5 लाख रुपये की मांग पूरी ना करने पर उसके साथ गाली गलौज, मारपीट व उत्पीड़न कर उसे घर से निकाल दिया। घटना के बाद पीड़ित महिला ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।



राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव की निवासी महिला आकांक्षा पुत्री सुख सिंह ने मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 25 अप्रैल वर्ष 2024 को कानपुर जनपद के रूरा थाना क्षेत्र के भॅवरपुर गांव के निवासी नीरज पुत्र हरपाल के पास संपूर्ण विधि विधान से हुआ था। बताया कि विवाह में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर उसे विदा किया था। बताया कि विवाह के कुछ दिनों के बाद उसके पति नीरज के अलावा अन्य सभी ससुरालीजन कम दहेज मिलने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करने लगे। तथा अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपए की मांग करने लगे। बताया कि जब उसने अपने पिता की गरीबी का हवाला देकर 5 लाख रुपये देने असमर्थता जताई तो 20 मार्च वर्ष 2025 को उसकी सास, पति, देवर और चचिया ससुर आदि ने उसके साथ है गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। तथा उसे धक्के मार कर घर से बाहर निकाल दिया। बताया कि उसके ससुर हरपाल ने उक्त सभी लोगों को रोकने का प्रयास किया तो उक्त सभी लोगों ने उसके ससुर के साथ भी गाली गलौज कर डाली। पीड़ित महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसके पति नीरज ने कानपुर जनपद के घाटमपुर थाना क्षेत्र के बेड़ा गांव की निवासी युवती से दूसरा विवाह भी कर लिया है। जबकि वह अपने पति नीरज के संसर्ग से चार माह की गर्भवती भी है। बताया कि उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रकरण की जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## बाइक सवार बदमाश युवकों ने बुजुर्ग की काटी जेब, 10 हजार रुपये लेकर हुए फरार



### नाती की शादी की खरीददारी करने के लिए बाजार आया था बुजुर्ग

**हमीरपुर।** जनपद के राठ कस्बे में नाती की शादी के लिए खरीददारी करने के लिए आए 85 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की बाइक सवार दो बदमाश युवकों ने जेब काट ली। बुजुर्ग ने बताया कि जेब में 10 हजार रूपये पडे थे।

राठ कोतवाली के जखेड़ी गांव निवासी 85 वर्षीय वंशगोपाल पुत्र परमा ने बताया कि आगामी 29 अप्रैल को उसके नाती रविंद्र की शादी है। बताया कि शादी की खरीददारी करने के लिए वह राठ कस्बे के बाजार आया था। बताया कि स्टेट बैंक के सामने वाली बाजार जाने वाली सड़क पर वह खड़ा हुआ था। तभी उसी दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक उसके पास आए और कहने लगे कि तुम्हारे पिता जी ने तुम्हें बुलाया है। बाइक पर बैठ जाओ। बुजुर्ग कुछ समझ नहीं पाया और बाइक पर पीछे बैठ गया। तभी उसी दौरान बाइक पर सवार एक युवक ने बुजुर्ग के कुर्ता के अंदर पहने बंडी (अंदर की बनियान) की जेब काट ली। कुछ दूर जाकर युवकों ने बहाना बनाकर युवकों को बुजुर्ग को उतार दिया और वहाँ से फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति वंश गोपाल ने बताया कि जब उसने अपनी जेब टटोली तो जेब कटी हुई थी और उसमें रखे दस हजार रूपये गायब थे। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति ने राठ कोतवाली में तहरीर देने की बात कही है। वहीं मामले में राठ कोतवाली पुलिस के द्वारा जांच कराकर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

### अजनर पुलिस ने 02 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उप निरीक्षक कन्हैया लाल व महिला उप निरीक्षक मालती साहू के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र/गश्त व शान्ति व्यवस्था भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अजनर में पंजीकृत मु0अ0सं0 39/2025 धारा 85/80(2) बी0एन0एस0 व 3/4 छ्क्क्ष्ह्ल में वांछित 02 अभियुक्तगण उदयभान राजपूत पुत्र भुमानीदीन राजपूत उम्र करीब 48 वर्ष व रेखा पत्नी उदयभान राजपूत उम्र करीब 45 वर्ष निवासीगण ग्राम महुआबाँध थाना अजनर जनपद महोबा को अजनर बस स्टैण्ड बहद ग्राम अजनर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 18 वर्षीय युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर की आत्महत्या

**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के नौहाई गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मंगलवार की सुबह 18 वर्षीय एक युवती ने अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे युवती की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवती के परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के नौहाई गांव की निवासी 18 वर्ष युवती प्रतीक्षा पुत्री रामकुमार ने मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके बाद युवती की हालत बिगड़ने पर मौके





पर मौजूद परिजनों ने तत्काल उसे इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक माजिद ने युवती का प्राथमिक उपचार कर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद युवती की हालत में सुधार होता देखकर परिजन युवती को राठ सीएचसी से ले गये। जिसके कुछ घँटों के बाद मंगलवार शाम करीब 4 बजे बजे परिजन उसे वापस सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे मां जयदेवी व भाई अमन के अलावा अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। मामले में राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारी ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नही कराया है। तथा बगैर पोस्टमार्टम कराए ही परिजन शव को अपने घर ले गए हैं।

# मीटर रीडरों का नया खेल रीडिंग स्टोर कर विभाग को लगा रहे लाखों का चूना

**उरई।** बिजली विभाग के मीटर रीडरों के आये दिन नये नये कारनामें उजागर हो रहे है। मीटर रीडर केवल रीडिंग कम दिखाकर बिल सही कराने का ठेका नहीं लेते हैं। बल्कि बाईपास लाइन डलवाने मीटर शंट रजिस्टेंस फिट कराने के अलावा अब और भी नयी करतूत सामने आयी है। जिसमें टोटल मीटर रीडिंग को नहीं बल्कि बिल पर पर रीडिंग दिखाकर उपभोक्ताओं के बिल बनाये जा रहे हैं और बाकी की रीडिंग स्टोर कर दी जा रही है। जिससे विभाग को खासा राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।

गौरतलब हो कि बिजली विभाग में मीटर रीडर लगातार नये नये कारनामें करते चले आ रहे हैं। जिसके चलते अभी तक मीटर रीडर केवल रीडिंग कम दिखाकर व बिल सही कराने का ठेका लेते थे लेकिन अब यह बात पुराने दिनों की हो गयी है। अब मीटर रीडरों ने कमाई का नया खोज लिया है जिसमें बाईपास लाइन डलवाने से लेकर मीटर शंट रजिस्टेंस



फिट करने जैसे कई कामों के साथ अब मीटर रीडरों ने एक नया वर्जन अपडेट किया है। जिसके चलते मीटर रीडर उपभोक्ताओं के मीटर की टोटल 9800 है तो स्टोर रीडिंग 8100 है तो उसके स्थान पर बिल पर रीडिंग 1700 दिखाकर बिल बनाने का काम किया जा रहा है। जिससे विभाग को राजस्व का चूना तो लग ही रहा है।इसी के साथ साथ उपभोक्ता को भी स्टोर की गयी मीटर रीडिंग का कभी भी इकठ्ठा भुगतान करना पड़ सकता है। जिसका जीता जागता उदाहरण शहर के मुहल्ला में उपभोक्ता की आई डी संख्या 1780685000 पर टोटल रीडिंग 9800 है और स्टोर रीडिंग 8100 है तो उसके स्थान 1700 रीडिंग पर बिल बना दिया गया तथा बाकी की रीडिंग को स्टोर कर दिया गया है। अब ऐसे में किसका कितना फायदा होने वाला है ये विधुत विभाग और मीटर रीडर ही जान सकते हैं। इसी प्रकार उपभोक्ता आईडी संख्या 744048500 की टोटल रीडिंग 7863 और स्टोर रीडिंग 6811, उपभोक्ता की आईडी संख्या 128458500 की टोटल रीडिंग 3366 व स्टोर रीडिंग 2468, उपभोक्ता सराफा बाजार की आईडी संख्या 1541385000 की टोटल रीडिंग 3388 व स्टोर रीडिंग 2181, उपभोक्ता की आईडी संख्या 354138500 की टोटल रीडिंग 4807 व स्टोर रीडिंग 2431 है। आपको बता दें कि इसको लेकर बिजली विभाग के एक्सियन जितेन्द्र नाथ से बात की गयी तो उनका कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है और जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। अब देखना यह है कि विधुत विभाग के जिम्मेदार इन मीटर रीडरों के खिलाफ क्या कार्यवाही करते हैं।

## शिवशक्ति अखाडा ने निकाली गई सशस्त्र सन्यासी पद यात्रा



**समथर।** नगर समथर में शिवशक्ति अखाडा के प्रमुख मधुराम शरण शिवा जी महाराज के नेतृत्व में सशस्त्र सन्यासी पद यात्रा निकाली गई। हिंदू समाज के युवाओं के लिए सशस्त्र संन्यास दीक्षा वृत्ति संस्कार की मुहिम शुरू की। पदयात्रा में लोग शामिल हुए। हिंदुओं को जागरूक करने के लिए नगर में पदयात्रा निकाली गई।

सनातन धर्म के प्रचार प्रसार व हिंदुओं की रक्षा जैसे मुद्दों पर हिंदुओं को जागरूक करने के लिए नगर में पदयात्रा निकाली गई। जिसका जगह जगह स्वागत हुआ- पदयात्रा सरस्वती विद्या मंदिर से प्रारम्भ होकर नईबस्ती, लोहियाना, कटरा बाजार, चुंगी नाका, वैद्ययाना, चौपड़ बाजार, अग्गा बाजार, पीपरी स्टैंड होते वापस सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में समापन हुई। यात्रा यात्रा का जगह जगह लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया।मधुराम शरण शिवा ने कहा कि हिंदुओं को शस्त्र चलाना अवश्य सीखना चाहिये जिस से वह अपने धर्म की रक्षा कर सकें। कहा कि युवा सन्यासियों कों अब एक हाथ में गीता और दूसरे में गदा थामना होगा, तभी हिंदुओं की रक्षा होगी। भाई नगर पालिका के पूर्व पार्षद दुर्गेश कुमार व्यास ने मधुराम शरण शिवा शिवाजी को फूलमाला पहना कर स्वागत किया।

## छोटे भाई के पुत्र ने बड़े भाई के पुत्र को कुल्हाड़ी से काट डाला




### दो सौ रुपए के लेनदेन पर दिया घटना को अंजाम
### विकलांग होने के कारण नहीं भाग सका मृतक

**गरौठा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जसवंतपुरा में छोटे भाई के पुत्र ने बड़े भाई के पुत्र को मात्र दो सौ के लेनदेन पर विवाद होने पर कुल्हाड़ी से काट डाला उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी ।वहीं आरोपी मौके से फरार हो गया। विवरण के मुताविक प्रहलाद कोरी पुत्र रूपा कोरी उम्र 22 की आकाश पुत्र चतुर्भुज कोरी ने धार हत्या कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी। उसके पुत्र प्रहलाद से आकाश ने ?200 उधार लिए थे। आज उसने पैसे मांगे तो दोनों का विवाद होने लगा जब आकाश ने पैसे नहीं दिए तो पहलाद उसका मोबाइल उठा ले आया। इसकी वजह से दोनों में फिर से विवाद होने लगा विवाद इतना बड़ा की गुस्सा में आकर आकाश ने पहलाद की गर्दन पर पीछे से तीन-चार बार किया जिससे उसकी गर्दन कट गई तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पहलाद एक पैर से 80त्न विकलांग था। इसलिए वह भाग नहीं सका हत्याराआकाश उसके छोटे भाई चतुर्भुज का पुत्र है। घटना मकान से बाहर की है। शोर गुल सुनकर परिजन एवं मोहल्ले वाले दौड़े तो उन्हें देखकर हत्यारा मौके से जंगल की ओर भाग गया।परिजनों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही को दी गई। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने परिजनों एवं ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने मृतक का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु मऊरानीपुर भेज दिया। मृतक के पिता रूपा कोरी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही को आरोपी के आकाश के विरुद्ध उसके पुत्र प्रहलाद की हत्या करने का प्रार्थना पत्र दिया । तहरीर मिलने पर आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीकृत किया जा रहा है।

## श्रीमद्भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा, दिखा उत्साह

### पीले वस्त्र पहन व सिर पर कलश धारण कर बड़ी संख्या में महिला व कन्याओं ने लिया भाग

**उरई।** राष्ट्र चेतना सेवा न्यास की ओर से श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। पीले वस्त्र पहन व सिर पर कलश धारण कर बड़ी संख्या में महिला व कन्याओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा के जरिये शांति और एकता का संदेश दिया गया। यात्रा में सबसे आगे परीक्षित तारा देवी पत्नी करन सिंह राजपूत फिर कलश रखे महिलाएं इसके बाद रथ पर सवार श्रीधाम वृंदावन से पधारी अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पूज्या देवी महेशवरी %श्रीजी%



शहर वासियो को आशीर्वाद प्रदान कर रही थी। राष्ट्र चेतना सेवा न्यास के जिला संयोजक आशीष मिश्रा चमारी ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति की स्थापना करना है। शास्त्रों में स्पष्ट वर्णन है कि गुरु ही व्यक्ति को ब्रह्मज्ञान प्रदान करने का सामर्थ्य रखते हैं। कहा कि न्यास की ओर से आयोजित कथा सभी आयु वर्गों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।इस दौरान लोगों में उत्साह दिखा।यात्रा में शामिल महिलाएं व कन्याएं मंत्र जाप व ईश्वर का गुणगान कर आगे बढ़ रही थीं। कथा स्थल पर यात्रा संपन्न हुई। कथा आज से 28 अप्रैल तक आयोजित होगी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, अभिनेंद्र चतुर्वेदी, डॉक्टर केशव, रुपेश चतुर्वेदी, रमाकांत त्रिपाठी, सलिल तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, एक रेफर

**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के कैलोर व सुल्तानपुर के बीच में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार तीन लोगों में दो की मौत हो गई, जबकि एक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज ग्वालियर रेफर कर दिया गया।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी भेड़ निवासी संतोष कुमार 48 वर्ष पुत्र रमजु बाइक से अपनी पुत्री के यहां कुरौती गया हुआ था। जब वह देर शाम पुत्री के पास से अपने घर वापस लौट रहा था। तभी ग्राम सुल्तानपुर के समीप सामने से बाइक पर सवार होकर आ रहे सौरभ 19 वर्ष पुत्र स्व. सुनील दोहरे निवासी माधौगढ़ व अशोक कुमार दोहरे 70 वर्ष पुत्र धनु दोहरे निवासी अटागांव की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार सभी तीनों लोग घायल होकर सडक पर गिर गए और देर रात तक वहीं पड़े रहे। तभी वहां से निकलने वाले राहगीरों ने उन्हें अचेतावस्था में पड़ा देखा और उन्होंने सूचना पुलिस को देने के बाद सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सक मनीष राजपूत ने संतोष कुमार व अशोक कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि सौरभ की हालत गंभीर देखते हुए उसे उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया। खबर मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने मृतकों की पहचान होने के बाद के बाद मामले की सूचना उनके परिजनों को दी और शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एसपी ने थानाध्यक्ष व हलका इंचार्ज पर की निलंबन की कार्रवाई

### गंभीर मामले को मामूली धाराओं में किया था दर्ज, वीडियो वायरल होते ही एसपी ने लिया संज्ञान

**उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के कासिमपुर में बंधक बनाकर पीटने के मामले में लापरवाही बरतने पर एसपी ने जांच के बाद थानाध्यक्ष व हलका इंचार्ज को निलंबित कर दिया।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम कासिमपुर निवासी सुजीत कुमार रविवार देर शाम को घर लौट रहा था। इसी दौरान पुराने



विवाद को लेकर गांव के ही निवासी मिठाई लाल, सुमित कुमार और भूरे ने उसे पकड़ लिया। तीनों आरोपियों ने युवक को पेड़ से बांधकर डंडों से पीटा। आरोपियों का कहना था कि युवक का गांव की एक महिला से अवैध संबंध है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जबकि उसकी मां मौके पर पहुंची, तो उसे भी दबंगों द्वारा दौड़ा दिया गया। इसके बाद पीड़ित की मां ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने युवक को दबंगों के चंगुल से मुक्त कराया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पिटाई का वीडियो वायरल होने और मामले में उचित कार्रवाई न करने के चलते एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने थानाध्यक्ष संजय यति और हल्का प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद को निलंबित कर दिया। इस बारे में एसपी ने कहा कि थाना प्रभारी ने इस घटना की जानकारी आला अधिकारियों को नहीं दी थी। जबकि मामला गंभीर था और थाना प्रभारी द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई थी। जिसके चलते उन पर और हल्का प्रभारी पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## विधुत्त कटौती व कम वोल्टेज से नगरवासी परेशान

*न्यूज कैप्सूल*

**बरुआसागर।** नगर बरुआसागर की जनता इस भीषण गर्मी में बिजली की बार बार होने वाली कटौती एवं लो वोल्टेज से परेशान है। एक ओर जहां लोगों को सूर्य देव अपनी तपिश बरसा रहे है वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग नगर में बार बार विद्युत कटौती करके लोगों पर अपनी मेहरबानी कर रहा है साथ ही जब रात्रि में लोगों को चैन की नींद चाहिए होती है उस समय कम वोल्टेज की समस्या से न तो पंखे न तो कूलर हवा दे रहे है। नगर की विद्युत कटौती एवं कम वोल्टेज की समस्या के निस्तारण के लिए कुछ माह पहले विधायक प्रतिनिधि अमर सिंह कुशवाहा ने मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड झांसी को ज्ञापन देकर विद्युत की नगर की बिगड़ी विद्युत व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग की थी जिस पर मुख्य अभियंता द्वारा विद्युत व्यवस्था ठीक जाने का आश्वाशन दिया गया था। परन्तु अब तक नगर की विद्युत व्यवस्था सही नहीं हों सकी है और इस भीषण गर्मी में नगर वासी विद्युत की बार बार होने वाली कटौती एवं कम वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। लोगों की मांग है बार बार विधुत की टिर्प से निजाद एंव लो वोल्टेज की समस्या को जल्द से जल्द ठीक कराएं जाने की मांग की है।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कंटेनर और पानी टैंकर भिड़ंत में कंटेनर चालक की मौत

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र में ग्राम छिरियां सलेमपुर स्थित बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सुबह कंटेनर ने टैंकर में टक्कर मार दी। हादसे में कंटेनर चालक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। नगर कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर मंगलवार की सुबह औरैया जा रहे कंटेनर ने छिरिया सलेमपुर के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर पौधों में पानी देते समय टैंकर को टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में कंटेनर चालक गुड्डू पुत्र विश्वनाथ महतो निवासी जाले नुनिया टोली, पंचायत जाले पश्चिमी जिला दरभंगा बिहार घायल हो गया। जबकि टैंकर चालक बृजेन्द्र पुत्र मन्ना सिंह निवासी चटकापुर औरैया और मजदूर सत्यम पुत्र हरिप्रकाश निवासी मिहौली जिला औरैया भी घायल हुए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल अजीत सिंह, उपनिरीक्षक मदन पाल प्रभारी चौकी छिरिया मलकपुरा टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने कंटेनर चालक गुड्डू को मृत घोषित कर दिया। जबकि टैंकर चालक व मजदूर को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं पुलिस द्वारा घायलों और मृतक के परिजनों व वाहन मालिक को घटना की जानकारी दे दी गई है।

## गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन दीप महायज्ञ से जगमगाया पांडाल

**बांदा।** गायत्री परिवार के तत्वावधान में चल रहे गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता के बीच सम्पन्न हुआ। 51 कुण्डीय यज्ञशाला में हुए गायत्री यज्ञ और यज्ञोपवीत संस्कार ने समूचे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में भाग लिया, दीक्षा ग्रहण की, और अन्य वैदिक संस्कारों में सहभागी बनकर सनातन संस्कृति की परंपरा को पुनर्जीवित किया। सायंकालीन सत्र में आयोजित दीप महायज्ञ ने समूचे पांडाल को अद्वितीय छटा से भर दिया। हजारों दीपों की प्रकाशमाला ने आयोजन स्थल को अलौकिक आभा प्रदान की, मानो दिव्यता स्वयं धरती पर उतर आई हो। दीपों की रोशनी के बीच श्रद्धा, संकल्प और शांति की त्रिवेणी प्रवाहित होती प्रतीत हुई।

इस अवसर पर टोलीनायक सुरेन्द्र वर्मा जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धरती पर नवयुग आ रहा है, इसमें कोई संदेह नहीं। जैसे दीपक बुझने से पहले तेज जलता है, आज की समस्याएं भी वैसे ही तीव्र प्रतीत हो रही हैं। युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का स्पष्ट आश्वासन है कि यह अंधकार समाप्त होगा, भारत का अभ्युदय सुनिश्चित है, और वह विश्व की महाशक्ति बनेगा। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार बीते एक सदी से इसी उद्देश्य को लेकर सतत कार्यरत है कृ बिना किसी स्वार्थ, राजनीति या पद-प्राप्ति की भावना के, केवल मानवता के कल्याण और सनातन धर्म की पुनर्स्थापना के लिए।

## किशोरी से दुष्कर्म में युवक को बीस साल की सजा 40 हजार का लगा जुर्माना

**उरई।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोष साबित होने पर न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहमद कमर ने बीस साल की सजा सुनाई और चालीस हजार रुपये जुर्माना लगाया।

शासकीय अधिवक्ता रणकेंद्र सिंह भदौरिया व विश्वजीत सिंह गुर्जर ने बताया कि माधोगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था। कि उसकी नाबालिक बेटी को धनौरा थाना ककरवई जिला झांसी निवासी बंटी अपने साथ 9 जून 2019 को आया और उसकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया महिला की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण सहित पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की थी। रिपोर्टकर बंटी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। पुलिस ने बंटी के खिलाफ कोर्ट में दुष्कर्म अपहरण सहित अन्य धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया था। मंगलवार को सुनवाई पूरी हुई जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहमद कमर ने बंटी को दुष्कर्म में दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**उरई।** विश्व पृथ्वी दिवस के पर जनपद में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार एवं नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के तहत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पांच-पांच पौधे रोपित किए और उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यदि हम आज सजग नहीं हुए तो भविष्य में प्राकृतिक संसाधनों का संकट और गहराता जाएगा। जिलाधिकारी ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर अतुल कुमार को सौंपी है। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि लगाए गए पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हों।जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे भी अपने स्तर पर पर्यावरण की रक्षा हेतु छोटे-छोटे प्रयास करें, जैसे पौधारोपण, जल की बचत, प्लास्टिक का उपयोग न करें।


**वर्ष 2025-26 हेतु जैम पोर्टल पर परिवहन एवं पल्लेदारी की बिड (निविदा) आमंत्रित करने के सम्बन्ध में।**

कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद–झॉसी में आवंटित श्रोतों से बीज उठान करते हुए जनपद के विभिन्न बीज भण्डारों में वितरण हेतु परिवहन एवं पल्लेदारी का कार्य करने हेतु अनुभवी व्यक्ति/ फर्मों से उक्त कार्य हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित होने से दिनांक 28.04.2025 को अपरान्ह 14:00 बजे तक उक्त कार्य के लिए जैम पोर्टल पर परिवहन/पल्लेदारी का कार्य करने हेतु बिड ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। बिड प्रपत्र शर्तें जैम पोर्टल की बेबसाइट पर उपलब्ध है जो ऑनलाइन भरी जायेगी तथा बेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा उसी दिन दिनांक 28.04.2025 को अपरान्ह 14:30 बजे निविदा समिति के सदस्यों एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी।

जमानत धनराशि रू0–100000–00(एक लाख मात्र) सावधि जमा/फिक्सड डिपोजिट अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से जमा करनी होगी।

**Bid Number– GEM/2025/B/6143724 Dated- 17-04-2025**

(कुलदीप कुमार मिश्र)
जिला कृषि अधिकारी
झॉसी।

**UPID- 232742 - Date: 22.04.2025**
**website: www.upgov.inc.in**

## संपादकीय

# 10000 प्रशासनिक अधिकारियों के जिम्मे नागरिकों के मौलिक अधिकार

भारत में 21 अप्रैल को सिविल सर्विस डे मनाया जाता है। भारतीय संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित किया है। संविधान ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के रूप में ब्रह्मा, विष्णु, महेश की तर्ज पर भारतीय संविधान की रचना की है। संविधान ने सभी की जिम्मेदारी तय की है। संविधान द्वारा न्यायपालिका विधायिका और कार्यपालिका को अधिकार और कर्तव्य दोनों ही सुनिश्चित किए गए हैं। संविधान निर्माताओं में से एक स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल, ने 10 अक्टूबर 1949 को सिविल सेवा के अधिकारियों की भूमिका पर मार्गदर्शन देते हुए कहा था। मेरी सलाह है, आप पूरी स्वतंत्रता के साथ कार्य करें। यदि आप मुखिया हैं, तो अपने अधीनस्थ को स्वतंत्रता से बोलने का अवसर दें। अधिकारियों को बिना किसी डर या पक्षपात के अपने विचार रखने की आजादी है। यदि विचार रखने की स्वतंत्रता नहीं होगी, ऐसी स्थिति में भारत का नवनिर्माण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा सचिव यदि मेरे किसी विचार से सहमत नहीं है, तो भी वह अपने विचार पूरी स्वतंत्रता के साथ लिख सकता है। प्रशासनिक सेवा के अधिकारी किसी डर और भय के कारण स्पष्ट राय नहीं देते हैं। उसे लगता है, कि मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी नाराज हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में प्रशासनिक सेवा में रहने का कोई कारण नहीं है। पटेल ने प्रथम संबोधन में सांसदों से अपेक्षा की थी। प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का सम्मान और उनके अच्छे कार्यों का समर्थन करें। यदि वह लापरवाही और गलत काम करते हैं। ऐसी स्थिति में शासन का ध्यान आकर्षित करें। अच्छे कार्यों की प्रशंसा करें। सरदार पटेल कठोर प्रशासक के रूप में जाने जाते है। स्वतंत्रता मिलने के पश्चात उन्होंने रियासतों को भारत में विलय करने के लिए जो कार्य किया था। उसकी प्रशंसा आज भी सारी दुनिया में होती है। उन्होंने भारतीय सेवा के अधिकारियों को सजाह देते हुए कहा था। प्रशासन को पूरी तरह से निष्पक्ष और भ्रष्टाचार मुक्त बनाएं। सिविल सेवा के अधिकारी को राजनीति में भाग नहीं लेना चाहिए। सांप्रदायिक विवादों में उसे दूर रहना चाहिए। भारतीय सेवा के अधिकारियों से उम्मीद की जाती है। वह बिना किसी डर या पक्षपात के बाहरी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपना कार्य करेंगे। स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नेताओं की पीढ़ी में भारतीय सेवा के अधिकारी बेहतर ढंग से संविधान के अनुरूप अपना कार्य कर रहे थे। भारत में जब से गठबंधन की सरकारें आना शुरू हुई हैं। उसके बाद भारतीय सेवा के अधिकारियों में भारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। वह सत्ता के दबाव और प्रलोभन के चलते अपनी भूमिका का सही ढंग से निर्वाह नहीं कर रहे हैं। यही नहीं कह पा रहे हैं। जिसके कारण भारत की कार्यपालिका मैं डर, भय, पक्षपात और भ्रष्टाचार अब सभी और देखने स्थिति विधायिका की हो गई है। जो अपने आप को संविधान से भी सर्वोपरि मानने लगी है। विधायिका को लगता है, चुनाव जीतने के बाद वह जो चाहे कर सकते हैं। न्यायपालिका को संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सुरक्षित रखने जो अधिकार दिए हैं। जज अपने कर्तव्य का पालन नियम कानून और संविधान के अनुरूप करें। न्यायपालिका को संविधान ने सीधे अधिकार नहीं दिए हैं। विधायिका और कार्यपालिका के शासन-प्रशासन तंत्र द्वारा यदि संविधान के अनुसार कार्य नहीं किये जाने पर नियंत्रित करने के अधिकार दिये है। संविधान ने न्यायपालिका को विधायिका और कार्यपालिका के पर अंकुश बनाये रखने का दायित्व सौंपा है। सरकार का दबाव अब न्यायपालिका के ऊपर स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। उसमें न्यायपालिका अब विफल होती हुई दिख रही है। विधायिका और कार्यपालिका ऐसा कोई कानून नहीं बना सकती है। जिससे नागरिकों के या किसी समुदाय के मौलिक अधिकारों का हनन हो। कोई ऐसा नियम भी नहीं बनाया जा सकता है। विधायिका और कार्यपालिका को नियंत्रित करने के लिये संविधान ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों को विशेष अधिकार दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राज्यपालों की भूमिका में संघीय व्यवस्था तथा वक्फ कानून को लेकर सही समय पर सही निर्णय करने से सरकार बौखला गई है। सरकार के नुमाइंदे न्यायपालिका के ऊपर तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं। शुद्ध हिंदी में कहा जाए तो न्यायपालिका पर दबाव बनाकर उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान रुख से आम नागरिकों का न्यायपालिका के ऊपर भरोसा जागा है, जो पहिले खत्म होता जा रहा था। न्यायपालिका ने पिछले वर्षों में आधे अधूरे निर्णय देकर सरकार के दबाव में सरकार के पक्ष में काम किए है। उससे धारणा बनने लगी थी, न्यायपालिका सरकार के इशारे पर निर्णय कर रही है। यह भ्रम चीफ जस्टिस खन्ना ने पिछले कुछ दिनों में दिए गए फैसले से तोड़ा है। सरकार के संरक्षण के चलते संवैधानिक पदों और कार्यपालिका के अधिकारी संविधान प्रदत्त न्यायपालिका के आदेशों का पालन नहीं कर रहे थे। न्यायपालिका और सरकार के बीच यही टकराव अब चरम पर पहुंच गया है।

– सनत जैन

## राज काज

### योगी पर भड़की ममता दीदी

वक्फ कानून पास होने के बादपश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा भड़क गई। उसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान दिया। बंगाल जल रहा है, मुख्यमंत्री चुप हैं। इस पर ममता दीदी ने तीखी प्रक्रिया देते हुए बाबा योगी आदित्यनाथ को कहा, वह बड़ी-बड़ी सीख ना दें। महाकुंभ में जो लोग मारे गए हैं, और जो गायब हैं। उनकी संख्या और सूची उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं बता पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मुठभेड़ में लोगों को मारा जा रहा है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था किस हालत में है। जिस तरह से ममता दीदी ने योगी आदित्यनाथ को ललकारा है। उससे लगता है, ममता दीदी आर पार की लड़ाई में हैं। मुर्शिदाबाद में हुई घटना को लेकर उन्होंने हिंदी भाषी राज्यों से लोगों को लाकर दंगा कराने का आरोप भाजपा और गृहमंत्री पर लगा दिया है। इससे लगता है कि अब ममता दीदी दबने वाली नहीं है। जल्दी पश्चिम बंगाल में कुछ भाजपा नेताओं के ऊपर मुकदमे दर्ज हो जाएंगे। उन्हें जल्द जेल भेजा जाएगा।

### जस्टिस गवई पर नहीं है, भाजपा को भरोसा?

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी का नाम केंद्र सरकार को भेज दिया है। चीफ जस्टिस के रूप में वरिष्ठता क्रम में बीआर गवई का नाम था। केंद्र सरकार से पूछे बिना गवई का नाम भेजने से सरकार और भाजपा नाराज है। सरकार खुलकर कुछ बोल नहीं पा रही है। सुप्रीम कोर्ट के 52 वे मुख्य न्यायाधीश बनने का उनका रास्ता साफ हो गया है। 15 मई को जस्टिस संजीव खन्ना का कार्यकाल खत्म होगा। वह सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बनेंगे। उनका कार्यकाल 7 महीने का होगा। उनके बहुत से फैसले सरकार को पसंद नहीं हैं।

### देश में जगह-जगह बगावत अब ईड़ी के खिलाफ प्रदर्शन

पछले कुछ महीनो से सरकार के खिलाफ जगह-जगह बगावत देखने को मिल रही है। भाजपा को 240 सीटें क्या मिली। उसके बाद इंडिया गठबंधन एनडीए गठबंधन दोनों से ही सरकार को चुनौती मिलने लगी। अब ईडी और सीबीआई से भी लोग नहीं डर रहे हैं। अब ईड़ी के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। राजस्थान में ईडी के अधिकारियों को घेर लिया गया। वहां पर भाजपा की सरकार है। अब राजनीतिक दलों के नेताओं को ईडी का डर नहीं रह गया है। रही सही कसर न्याय पालिका निकाल रही है। कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने तरह-तरह के नियम बना दिए हैं। ईड़ी को जो अपार शक्ति यां मिली हुई थी, उसमें कटौती हो गई है। अब ईड़ी के लिए संभव नहीं रहा, वह जबरदस्ती किसी को फंसा सके।

# धधकती धरती: विकास की दौड़ विनाश की ओर?



विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष



योगेश कुमार गोयल

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदान करने तथा पृथ्वी को बचाने के लिए प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है।

प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है।

# कपड़ों से पहचान वाया शमशान-क़ब्रिस्तान और अब पंक्चर तक पहुंचा राजनैतिक विमर्श



तनवीर जाफ़री

भारतीय जनता पार्टी के बड़े से लेकर छोटे नेता तक जब कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक रूप से नाम लेते हैं तो उनके नाम के साथ यशस्वी शब्द ज़रूर लगाते हैं। देश को इसके पहले लंबे समय तक शासन करने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गाँधी जैसे प्रधानमंत्री भी मिले। परन्तु उनके नाम के साथ यशस्वी शब्द कम से कम स्थाई रूप से इसतरह चिपका हुआ नहीं देखा गया। बजाये इसके वर्तमान यशस्वी प्रधानमंत्री को कांग्रेस की सरकारों विशेषकर पंडित नेहरू की विभिन्न अवसरों पर आलोचना करते हुये ज़रूर देखा गया।

निश्चित रूप से अपने समर्थकों की नज़रों में नरेंद्र मोदी यशस्वी प्रतापी, महान, हिन्दू हृदय सम्राट कुछ भी हो सकते हैं। परन्तु देश का निष्पक्ष नागरिक जब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना कांग्रेस के ही उन पूर्व प्रधान मंत्रियों से करता है जिसकी मोदी आलोचना करते हैं तो निश्चित रूप से वह पंडित नेहरू व इंदिरा गाँधी के सार्वजनिक भाषणों की भी तुलना यशस्वी प्रधानमंत्री के भाषणों व उसके मुख्य मुख्य अंशों से ज़रूर करना चाहता है। और यह भी जानना चाहता है कि मात्र बहुसंख्य वोट हासिल करने के लिये क्या कभी इन पूर्व प्रधानमंत्रियों द्वारा भी ऐसी शब्दावलियों का प्रयोग किया गया जैसी कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा बार बार की जाती है? क्या इसतरह के भाषण और इस स्तर की भाषा ही हमारे प्रधानमंत्री को यशस्वी प्रधानमंत्री बनाती है?

पिछले दिनों देश के यही यशस्वी प्रधानमंत्री हरियाणा के हिसार पधारे। यहाँ एक जनसभा में वक़्फ़ कानून का ज़िक्र करते करते कुछ ऐसे शब्द उनके मुंह से निकले जिससे उनका यश रातोंरात चौगुना हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यहाँ भी अपनी प्रिय पंच लाइन तो दोहराई ही कि कांग्रेस पार्टी वक़्फ़ को लेकर तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कह डाला कि- वक़्फ़ की संपत्ति का अगर ईमानदारी से उपयोग हुआ होता तो मुसलमान नौजवानों को साइकिल का पंक्चर बनाकर ज़िंदगी नहीं गुज़ारनी पड़ती। इत्तेफ़ाक़ से जिसदिन प्रधानमंत्री अपने इस बेशक़ीमती वचनों के द्वारा समुदाय विशेष के युवाओं को पंक्चर बनाने वाला युवा बता रहे थे उसी दिन संविधान निर्माता बाबासाहेब की जयंती भी थी। इस बेशक़ीमती वाक्य के उनके मुंह से निकलते ही यशस्वी प्रधानमंत्री को लोगों ने ख़ासकर विपक्ष ने आईना दिखाना शुरू कर दिया।

जो प्रधानमंत्री देश के युवाओं को पकौड़ा बेचने की सलाह देते थे वही पंक्चर जैसे व्यवसाय का मज़ाक़ उड़ाते दिखाई दिये? यहाँ यह याद दिलाना ज़रूरी है कि आज की मंहगाई के समय में पंक्चर बनाने का व्यवसाय शुरू करना भी आसान नहीं है। लाखों रूपये, उपयुक्त स्थान, बिजली, एयर कम्प्रेसर, भरपूर मेहनत और भी बहुत कुछ कुछ चाहिये पंक्चर का व्यवसाय शुरू करने के लिये। वैसे भी यह रोज़गार भीख मांगने या खंजरी बजाने से तो कहीं बेहतर और इज़्ज़त वाला कारोबार है साथ ही यह वाहन चालकों को बड़ी राहत पहुँचाने वाला व्यवसाय है। याद कीजिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने कुछ वर्ष पूर्व इंदौर में एक कार्यक्रम में कहा था कि 'भीख मांगना भी देश के 20 करोड़ लोगों का रोज़गार है, जिन्हें किसी ने रोज़गार नहीं दिया उन लोगों को धर्म में रोज़गार मिलता है, जिस परिवार में पांच पैसे की कमाई भी न हो उस परिवार का दिव्यांग और दूसरे सदस्य धार्मिक स्थलों में भीख मांगकर परिवार का गुज़ारा करता है, ये छोटा काम नहीं है।

## सुविचार

हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों है, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्व देते है। – जे. के. रालिंग

मुझे आने वाले कल का भय नहीं है क्योंकि मैंने बीता हुआ कल देखा है और मुझे आज से प्यार है।

– विलियम ए व्हाइट

## प्रसंग

### युवक की ईमानदारी

एक बार राजा भोज अपने दरबार में बैठे थे, तभी द्वारपाल ने आकर ए सूचना दी, महाराज, एक दुबला-पतला, अत्यंत नर्धिन युवक आपसे मिलना चाहता है। हमने उससे पूछने की बहुत कोशिश की कि आखिर वह आपसे क्यों मिलना चाहता है, पर वह कुछ नहीं बता रहा। वह बस आपसे मिलने की रट लगाए हुए है। राजा भोज ने उस निर्धन युवक को बुलाने की अनुमति दे दी। वह युवक अंदर आया और राजा को नमस्कार कर बोला, महाराज, मेरी मां की तबीयत बहुत खराब है। इसलिए मैं मदद के लिए आपके पास चला आया। भोज ने यह सुनकर कहा, तुम्हारी मां का इलाज होना ही चाहिए। उन्होंने अपने खजांची से उस निर्धन युवक को एक हजार स्वर्ण मुद्राएं देने को कहा। युवक बोला, क्षमा करिए, मां की चिकित्सा के लिए पचास स्वर्ण मुद्राएं ही पर्याप्त हैं। मां के स्वस्थ होने पर मैं कोई न कोई काम अवश्य ढूंढ लूंगा। युवक की यह बात सुनकर राजा भोज समेत वहां उपस्थित सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। भोज बोले, युवक, मैं तुम्हें स्वेच्छा से एक हजार स्वर्ण मुद्राएं दे रहा हूं किंतु तुम उन्हें लेने से इनकार क्यों कर रहे हो? युवक ने उत्तर दिया, महाराज, मैं लेने से इनकार नहीं कर रहा किंतु इस समय मुझे वास्तव में मात्र पचास स्वर्ण मुद्राओं की आवश्यकता है। फिर मैं अधिक क्यों लूं? राजकोष का धन भी तो हमारा ही है और यदि हम उसे व्यर्थ बर्बाद करेंगे तो अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को आगे धन नहीं मिल पाएगा और संभव है कि आगे चलकर आप जैसे नेक व दयालु राजा भी न हों। इसलिए हर व्यक्ति को राजकोष से उतनी ही सहायता लेनी चाहिए जितनी उसे सचमुच आवश्यकता हो।

## जरा हटके

### बच्चे की दवा लेने निकली महिला को अजगर ने निगला, ढूंढता रहा पति

जकार्ता,(ईएमएस)।

एक विशाल अजगर ने एक महिला को जिंदा निगल लिया। हाल के दिनों में यह दूसरी घटना है। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस ने बताया 36 साल की महिला अपने बीमार बच्चे के लिए दवा लेने बाहर निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो उसे ढूंढने उसका पति निकला। कुछ दूर चलने पर उसके घर से 500 मीटर देर महिला की चप्पल और पेंट नजर आई। वहीं से कूछ दूरी पर उसने देखा कि एक अजगर पड़ा है और उसका पेट फुला है।

बता दें यह घटना इंडोनेशिया के साउथ सुलावेसी प्रांत की है। यहा 36 साल की सिरियाति अपने बीमार बच्चे के लिए दवा लेने निकली थीं, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटीं। घंटों तक पता नहीं चला तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। पुलिस ने बताया कि पति आदियानसा को उनके घर से करीब 500 मीटर दूर उसकी चप्पल और पेंट जमीन पर पड़ी मिलीं। वहीं से कुछही दूरी एक अजगर था जिसका पेट फूला हुआ था।

उसने तुरंत गांववालों को बुलाया और अजगर के पेट को पकड़कर उसका पेट काटा जिसमें उसकी पत्नी को बाहर निकाला लेकिन जब तक देर हो चुकी थी उसकी पत्नी सिरियाति की मौत हो चुकी थी। यह घटना पहली नहीं है। साउथ सुलावेसी में पिछले महीने भी एक महिला को रेटिकुलेटेड पायथन ने निगल लिया था। इससे पहले 2023 में एक किसान को 8 मीटर लंबे अजगर ने निगल लिया था। 2022 में जांबी प्रांत में एक महिला को अजगर ने निगला। 2018 में 54 साल की महिला का शव 7 मीटर लंबे अजगर के पेट से निकाला था। 2017 में एक किसान को 4 मीटर लंबे अजगर ने निगल लिया था।

बता दें रेटिकुलेटेड पायथन दुनिया का सबसे लंबा अजगर माना जाता है और यह दक्षिणी एशिया में पाया जाता है। यह 20 फीट से भी ज्यादा लंबा होता है और कुछ विशेष परिस्थितियों में इंसानों को निगलने में सक्षम है। लंदन के नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम के मुताबिक अब तक दर्ज सबसे लंबा रेटिकुलेटेड पायथन 1912 में मिला था, जिसकी लंबाई करीब 33 फीट थी। जो कि एक जिराफ से भी लंबा था।

## फोटो ऑफ द डे



टोरंटो में एक बैंड बीच लायंस ईस्टर परेड में बनी ईयर हैडफोन लगाये हुए कार्यक्रम पेश करते हुए। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# अजूबे और भी हैं इंडिया में!

–गुरमीत बेदी

अपना ताजमहल दुनिया के सात अजूबों में शुमार हो गया, इसके लिए अख़बार वालों और मोबाइल वालों का स्पैशल कोटि-कोटि थैंक्स! अपने इंडिया में मीडिया और मोबाइल नहीं होता तो पब्लिक की आवाज़ वर्ल्ड अजूबा सिलैक्शन कमेटी तक कैसे पहुँचती? ( यहाँ तो सरकार के कानों तक आवाज़ पहुँच जाए तो यह अजूबा होता है) पब्लिक की आवाज़ दुनिया तक नहीं पहुँचती तो दुनिया को कैसे पता चलता कि इंडिया में भले ही पुत्र रत्न की चाहत में लोग अपने प्यार की फ़ीमेल निशानी को गर्भ में ही ख़त्म कर देते हों लेकिन शाहजहाँ के प्रेम की निशानी को अपने दिल से लगा कर रखते हैं। यानी इंडिया वालों के प्रेम के मामले में दुहरे मापदंड हैं।

या यों कह लीजिए कि इंडियन्ज अपने प्यार की बजाये दूसरों के प्रेम के प्रति ज़्यादा-ज़्यादा सैंसटिव, ज़्यादा इमोशनल और ज़्यादा ऐक्साइटमैंट वाले होते हैं। दूसरों की प्रेम कहानियों को वे भोजन के साथ सलाद के रूप में ग्रहण करते हैं। इससे उन्हें स्पेशल प्रोटीन की प्राप्ति होती है, जिससे वे ऊर्जावान बने रहते हैं। यहाँ तो कब्र में पैर लटकाए बैठे किसी बूढ़े मर्द को भी किसी के प्रेम प्रसंग का लफड़ा सुना दिया जाए तो कब्र से पाँव हटाकर अपने खुश्क होठों पर जीभ फेरने लगता है। इंडिया में जिस दिन चैनल वाले प्रोफ़ेसर मुटुकनाथ और और उनकी फ़ीमेल स्टूडैंट जूली की प्रेम कहानी की पुनरावृति के प्रसंग टी0वी0 पर दिखाते हैं, उस दिन इंडियन्ज दर्शकों के चेहरे पर शाइनिंग देखते ही बनती है। महँगाई की दुनिया से निकल कर वे प्रेम की दुनिया में पहुँच जाते हैं और यह भी भूल जाते हैं कि बच्चों की फीस भरने के लिए बटुआ जवाब दे चुका है। है न यह भी एक अजूबा! ताज्जुब की बात है कि वर्ल्ड अजूबा सेलेक्शन कमेटी की नज़र इंडिया के इस अजूबे पर क्यों नहीं पड़ी? अगर पड़ जाती तो ताज पीछे छूट जाता और शाहजहाँ व उनकी वाईफ मुमताज की आत्माएँ इस ब्रह्मांड में घूमती हुई झुनझुने बजाती रहतीं! वैसे इंडिया में ताज के अलावा और अजूबे भी है। इनमें ताज कोरीडोर मामले की हम चर्चा नहीं करेंगे। यह लक्स कोज़ी बनियान की तरह माया और यू0पी0ए0 के बीच अंदर की बात है। ताज के अलावा अपने इंडिया में और भी कई अजूबे हैं, जिन पर हम सिलसिलेवार चर्चा करेंगे। मीडिया से हमारा विशेष अनुरोध रहेगा कि वह इन अजूबों को दूसरे फ़ालतू लफड़ों की तरह बड़ी एक्साइटमैंट के साथ हाई-लाईट करे ताकि भविष्य में जब भी दुनिया के सात अजूबों पर कोई कमेटी पुन- विचार करने बैठे तो इंडिया के सात अजूबे ही विश्व के सात अजूबों में शामिल हो जाएँ। इससे दुनिया में इंडिया की रेपूटेशन बढ़ेगी। रेपूटेशन बढ़ने से टूरिस्टों की इंडिया में आमद बढ़ेगी, जिससे देश और देश वासियों की इकानोमी में ज़बरदस्त मज़बूती आएगी और हम वर्ल्ड बैंक व दूसरी एजैंसियों के आगे कटोरा लेकर खड़े होने के झंझट से बच जाएँगे। यह भी हो सकता है कि उल्टा वर्ल्ड बैंक व दूसरी एजैंसियाँ हमारे मुल्क के कर्णधारों के आगे कटोरा लेकर खड़ी हो जाएँ और मुल्क के कर्णधारों को फंडिंग के एवज में कमीशन खाने का बैठे-बिठाए मौका मिल जाए। ताज के अलावा इंडिया में अजूबा नंबर-टू यह है कि यहाँ के व्यवस्था तंत्र में भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे तक समाया हुआ है और हर चुनाव में 'वोट अगेंस्ट करप्शन' का नारा उछलने के बाबजूद व्यवस्था तंत्र पीसा की मीनार की तरह वहीं का वहीं जमा रहता है।

## चिंतन-मनन

# मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका।

जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सर्वांगीण विवेचन उपलब्ध है। मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है।अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है। कुछ व्यक्ति मौत के नाम से ही घबराते हैं।

## रोचक

# वैज्ञानिकों ने किया लैब में असली दांत उगाने का दावा

**लंदन (ईएमएस)।** वैज्ञानिकों ने अब लैब में असली दांत उगाने का दावा किया है। किंग्स कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने इस क्रांतिकारी शोध में सफलता पाई है, और अब उनका लक्ष्य यह है कि ये दांत इंसानों के जबड़े में स्वाभाविक रूप से उग आएं। इसका मतलब यह है कि भविष्य में दांत खोने पर नकली दांतों या इम्प्लांट की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि दांत अपने आप वापस उग आएंगे। वैज्ञानिकों का कहना है कि इंसान के दूध के दांत गिरने के बाद एक बार जब नए दांत आते हैं, उसके बाद दांत फिर से नहीं उगते। यही कारण है कि लोग खराब दांतों को ठीक करने के लिए इम्प्लांट करवाते हैं। लेकिन अब इस नई शोध के बाद, इम्प्लांट की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। किंग्स कॉलेज लंदन की एक टीम ने एक ऐसा मैटेरियल विकसित किया है, जो दांतों के उगने के लिए आवश्यक उपयुक्त वातावरण तैयार कर सकता है। यह पदार्थ दिमाग को संकेत देता है, जिससे कोशिकाएं दांतों के विकास की प्रक्रिया शुरू कर देती हैं। इस शोध के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. एना एंजेलोवा का कहना है कि अब तक दांतों को दोबारा उगाने की कोशिशें कई बार की गई थीं, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। हालांकि, इस बार लैब में दांत उगाने में सफलता मिली है, जो डेंटल केयर के क्षेत्र में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। जब किसी का दांत टूटता है या खराब हो जाता है, तो आजकल लोग फिलिंग या नकली दांतों का सहारा लेते हैं।

# सऊदी अरब ने 4,700 से अधिक पाकिस्तानी भिखारियों को देश से निकाला

## रक्षा मंत्री ने माना, ये हमारे लिए शर्मिंदगी का कारण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब ने 4,700 से अधिक पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेज दिया है। ये लोग कथित तौर पर फर्जी वीजा और उमराह या हज के बहाने सऊदी पहुंचे थे, लेकिन वहां अवैध रूप से भीख मांगते पकड़े गए। घटना को पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का कारण बताया जा रहा है। रक्षा मंत्री आसिफ ने कहा, पाकिस्तान में करीब 2.2 करोड़ भिखारी हैं, जो सालाना 42 अरब रुपये कमाते हैं। ये लोग विदेशों में भीख मांगकर देश की छवि को खराब कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब में भीख मांगने के खिलाफ सख्त कानून हैं, जिसके तहत भिखारियों को जुर्माना, जेल और निर्वासन का सामना करना पड़ता है। मंत्री ने बताया कि मध्य पूर्वी देशों से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी भिखारियों को निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सऊदी अरब ने करीब 4,700 पाकिस्तानी भिखारियों को देश से निकाला है। इससे पहले खुद पाकिस्तान की केंद्रीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि सऊदी अरब ने 2021 से 2024 के बीच 4,000 भिखारियों को पाकिस्तान वापस भेजा। एफआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन निर्वासित भिखारियों का संबंध मुख्य रूप से दक्षिण पंजाब, कराची और आंतरिक सिंध क्षेत्रों से है। उन्होंने कहा कि इसतरह के पेशेवर भिखारी सजा पूरी करने के बाद जैसे ही पाकिस्तान लौटते हैं, तब उनके नाम एफआईए के इमिग्रेशन विभाग की पासपोर्ट कंट्रोल लिस्ट (पीसीएल) में डाल दिए जाते हैं ताकि वे भविष्य में विदेश यात्रा न कर सकें। ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट के व्यापारिक समुदाय से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपना बैंक स्थापित करने की अपील भी की। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनकी कैबिनेट व्यापार समुदाय से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए काम कर रही है।

पाकिस्तान सरकार ने भिखारियों के मुद्दे को गंभीरता से लेकर नवंबर 2024 में 4,300 भिखारियों के नाम एग्जिट कंट्रोल लिस्ट (ईसीएल) में शामिल किए थे।



सना में अमेरिकी हमले के बाद फरवाह बाजार में हुए नुकसान को देखते हुए लोग।

# हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की फंडिंग रोकी तो ट्रंप सरकार पर ठोंक दिया मुकदमा

**बोस्टन।** अमेरिका की ट्रंप सरकार ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की फंडिंग रोकने और उसकी समीक्षा करने जैसे आदेश दिए थे। इससे नाराज यूनिवर्सिटी प्रशासन ने ट्रंप सरकार पर मुकद्दमा ठोंक दिया है। साथ ही दावा किया है कि वो इस मामले में अमेरिकी सरकार के आगे झुकेंगे नहीं।

बता दें यह मुकदमा प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय के 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के अनुदान को रोकने के लिए किया गया है। यह कदम तब उठाया गया जब विश्वविद्यालय ने ट्रंप प्रशासन की उन मांगों को मानने से इनकार कर दिया, जिसमें कैंपस में एक्टिविज्म को सीमित करने की बात कही गई थी। यूनिवर्सिटी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस फंडिंग फ्रीज को अवैध卐 और सरकार के अधिकार से परे करार दिया। इस माह 11 अप्रैल को, ट्रंप



प्रशासन ने हार्वर्ड को एक पत्र भेजा था जिसमें विश्वविद्यालय में व्यापक सरकारी और नेतृत्व सुधारों की मांग की गई थी और इसके प्रवेश नीतियों में बदलाव की बात कही गई थी। प्रशासन ने यह भी मांग की थी कि विश्वविद्यालय अपने कैंपस में विविधता के दृष्टिकोण का ऑडिट करे और कुछ छात्र क्लबों को मान्यता देना बंद करे। इसके बाद, हार्वर्ड के अध्यक्ष एलन गार्बर ने कहा कि विश्वविद्यालय इन मांगों के आगे नहीं झुकेगा। इसके जवाब में, सरकार ने अरबों डॉलर की संघीय फंडिंग को रोक दिया।

फंडिंग फ्रीज को मनमाना और तानाशाही बताते हुए हार्वर्ड के मुकदमे में कहा गया कि यह उसके पहले संशोधन के अधिकारों और सिविल राइट्स एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करता है। इस बयान के कुछ ही घंटों बाद व्हाइट हाउस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता हैरिसन फील्ड्स ने सोमवार को एक ईमेल में कहा, हार्वर्ड जैसे संस्थानों को मिलने वाली संघीय सहायता, जो संघर्षरत अमेरिकी परिवारों के टैक्स डॉलर से अपने अत्यधिक वेतन पाने वाले नौकरशाहों को समृद्ध करती है, अब समाप्त हो रही है।

# ट्रम्प सरकार हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर दबाव डालकर कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती

## हार्वर्ड पहुंचा कोर्ट, संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करने का लगाया आरोप

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यूनिवर्सिटी ने आरोप लगाया है कि ट्रम्प सरकार यूनिवर्सिटी पर राजनीतिक दबाव डालकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है। हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। बता दें ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की 2.2 अरब डॉलर फंडिंग पर रोक लगा दी है। साथ ही यह भी मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रोकने की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डॉलर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया है कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है।

# म्यांमार की अराकान आर्मी बांग्लादेश के अंदर घुसी, देखती रही यूनुस की सेना

**ढाका।** म्यांमार के सैन्य शासन से जंग करके रखाइन प्रांत पर कब्जा करने वाली अराकान आर्मी ने बांग्लादेश के 10 किलोमीटर अंदर आकर एक समारोह में भाग लिया। इस दौरान उसे बांग्लादेशी सेना से किसी तरह के प्रतिरोध का सामना नहीं करना पड़ा। अराकान आर्मी की इस घुसपैठ की बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के महासचिव और पूर्व सांसद मिया गुलाम परवर ने निंदा की है। अराकान आर्मी के बांग्लादेश के अंदर घुसने की खबर ऐसे समय में आई है, जब बांग्लादेशी सेना अमेरिकी योजना के तहत म्यांमार में अभियान की तैयारी कर रही है। अराकान आर्मी की बांग्लादेश में घुसपैठ की घटना हाल ही में 16 और 17 अप्रैल को बंदरबन जिले के थांची उपजिला में हुई थी। बांग्लादेश के सोशल मीडिया अकाउंट्स ने इस घटना पर हैरानी जताई है। अराकान आर्मी के सदस्य अपनी सैन्य वर्दी और हथियारों के साथ बांग्लादेश के अंदर आए थे।

## आज का इतिहास 23 अप्रैल

1533 कैथोलिक चर्च ने इंग्लैंड नरेश हेनरी अष्टम और अरागान की कैथरीन का विवाह अवैध करार दिया.

1564 विलियम शेक्सपियर का जन्म हुआ.

1774 ब्रिटिश कमांडर कर्नल चैयरमैन के नेतृत्व में अंग्रेजों ने रूहेलखंड पर कब्जा किया.

1873 उत्तर पश्चिम सुमात्र में आशिन के सुलतान और डच फौजों में युद्ध भड़का.

1895 चीन का कुछ भाग जापान को दिए जाने पर रूस,फ्रांस और जर्मनी ने विरोध दर्ज किया.

1904 अमेरिका ने फ्रांस के पनामा नहर कंपनी की सम्पति अपने कब्जे में ले ली.

1935 नौ वर्ष तक विचार-विर्मश करने के बाद पोलैंड का संविधान स्वीकार किया गया.

1965 फ्रांस ने दक्षिण पूर्व एशिया संधि संगठन से अपने नौ सैनिक बेड़े को हटा लिया.

1972 अपोलो-16 अंतरिक्ष यात्रियों ने चांद से धरती की वापसी यात्रा शुरू की.

1975 दक्षिण वियतनाम सरकार ने इस्तीफा दिया.


1983 त्रिपोली में वाहन बम विस्फोट में 54 व्यक्ति मारे गये और 125 अन्य घायल हो गये.

## प्रसंगतः पुरस्कार

पुराने जमाने में एक राजा था। उसे सुंदर इमारतें बनवाने का शौक था। उसने दूर-दूर से कुशल शिल्पियों को अपने राज्य में बुला रखा था ताकि वे राज्य में और सुंदर-सुंदर इमारतों व विशाल प्रासादों और भवनों का निर्माण कर सकें। राजा शिल्पियों का आदर भी करता था और उन्हें उचित पारिश्रमिक के अलावा पुरस्कार भी देता था। इन्हीं शिल्पियों में एक अत्यंत अनुभवी शिल्पी भी था जो अब वृद्ध हो गया था। उसने वर्षों तक राज्य की सेवा करते हुए अनेक उत्कृष्ट भवनों का निर्माण किया था। एक दिन वृद्ध शिल्पी ने राजा से कहा, 'महाराज मैंने जीवन भर राज्य की सेवा की है लेकिन अब मैं वृद्ध हो गया हूं इसलिए मुझे राज्य की सेवा से मुक्त करने की कृपा करें ।' राजा ने वृद्ध शिल्पी की बात बड़े ध्यानपूर्वक सुनी और उससे कहा, 'महान शिल्पी आपकी सेवाओं के लिए मैं ही नहीं, पूरा राज्य आपका कृतज्ञ है। आपको सेवानिवृत्त होने का पूरा अधिकार है लेकिन मेरी ख्वाहिश है कि सेवानिवृत्ति से पहले आप मेरे लिए एक भवन और बनाओ जो आज तक बने सभी भवनों से श्रेष्ठ व उत्कृष्ट हो'। शिल्पी राजा की ख्वाहिश को कैसे टाल सकता था! वह भवन बनाने में जुट गया लेकिन बेमन से। उसने उस श्रेष्ठता व उत्कृष्टता का परिचय नहीं दिया जिसकी उससे अपेक्षा थी। बस किसी तरह भवन पूरा कर दिया और राजा से पुनः सेवामुक्ति की प्रार्थना की। राजा ने कहा, 'मैं आपकी कला से अत्यंत प्रभावित हूं और इसीलिए मैंने आपसे इस उत्कृष्ट भवन का निर्माण करवाया है ताकि आपको पुरस्कार स्वरूप यह भवन दे सकूं।'

## दैनिक पंचांग

**23 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.48 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 08.47 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 11.00 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.16 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.28 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.39 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.53 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.09 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.15 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | कुंभ | 02.01 बजे से |
| | | मीन | 03.34 बजे से |
| | | मेष | 05.04 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 113 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 16.44 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 12.08 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 18.51 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 05.34 बजे, विष्टि 16.44 बजे तदनन्तर बव 03.43 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 33'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872323
**जूलियन दिन** 2460788.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 24

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि दसवी, बुधवासरे, घनिष्ठा नक्षत्रे, शुभ योगे, विवकरणे, कुंभ की चंद्रमा, भद्रा 14/22, जातकर्म, नामाकरण औषधि सेवन द्विरागमन हल प्रवाहन व्यापार वाहन क्रय विक्रय तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, सुंदर, सुशील, बैंक कर्मचारी, लेखापाल, अकाउंटेंट, लिपिक, कैशियर, कम्प्यूटर इंजीनियर तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर होगा।




**मेष राशिः** उन्नति, वाहनभय, शरीर-कष्ट, घरु-प्रवास से सफलता मिल सकती है, ध्यान दें।

**वृष राशिः** खर्च, विद्या-बाधा, शुभ कार्य में खर्च, कष्ट, मांगलिक कार्य होगा, शुभ समाचार मिले।

**मिथुन राशिः** राज से हानि, घरु-विवाद, आय-व्यय, शिक्षा-लेखन कार्य में रुकावट का योग बनेगा।

**कर्क राशिः** संतान कष्ट, अधिक खर्च, शुभ धार्मिक कार्य एवं शुभ कार्य में बाधा बनेगी।

**सिंह राशिः** सफलता से हर्ष, भय, तबादला, प्रसन्नता के योग बनेंगे, व्यापारिक सुख निश्चित ही मिलेगा।

**कन्या राशिः** हानि, अपव्यय, रोग, मातृकष्ट, शिक्षा जगत संतोषप्रद रहेगा, ध्यान दें।

**तुला राशिः** लाभ, संतोष, सुख, रोगभय, झंझट, लेखन कार्य में सामान्य प्रगति का योग बनेगा।

**वृश्चिक राशिः** संतान लाभ, अभीष्ट-सिद्धी, स्वजन कार्यकष्ट, कार्यसिद्धी, यश, संतान-पुत्र से उपेक्षा होगी।

**धनु राशिः** यात्रा में कष्टभय, स्त्री-कष्ट, कार्य-सिद्धी, धन लाभ, सामाजिक कार्य में व्यय होगा।

**मकर राशिः** विवाद, यात्रा कष्ट, हानि, घरु कष्ट, नौकरी की स्थिति सामान्य होगी।

**कुंभ राशिः** शुभ कार्य, भय, मुकदमे में जीत, धार्मिक कार्य होंगे, कुछ अच्छे कार्य सिद्ध होंगे।

**मीन राशिः** रोगभय, अभीष्ट-सिद्धी, अल्प हानि, नौकरी में अनबन होती रहेगी, ध्यान दें।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# ग्लोबल वैनगार्ड ऑनर से सम्मानित होंगी प्रियंका चोपड़ा जोनास

**वाशिंगटन।** गोल्ड हाउस एशियाई-प्रशांत और बहुसांस्कृतिक समुदाय को एकजुट करने वाला संगठन, 10 मई, 2025 को अपने चौथे वार्षिक गोल्ड गाला की मेजबानी करेगा। प्रतिष्ठित कार्यक्रम में ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा जोनास को ग्लोबल वैनगार्ड ऑनर से सम्मानित किया जाएगा। प्रियंका को यह सम्मान हिंदी सिनेमा और हॉलीवुड के बीच एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक सेतु बनाने, कम प्रतिनिधित्व वाली आवाजों को बढ़ावा देने और विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली मंच स्थापित करने के लिए दिया जा रहा है। चोपड़ा जोनास को टाइम 100 और फोर्ब्स की सबसे शक्तिशाली महिला जैसी प्रतिष्ठित सूचियों में भी स्थान मिला है। यह गाला 2025 की ए100 सूची का भी जश्न मनाएगा, जिसमें संस्कृति में 100 सबसे प्रभावशाली एशियाई प्रशांत नेताओं को शामिल किया जाएगा। इस वर्ष के गाला की थीम फर्स्ट लाइट्स है, जो उन पथप्रदर्शकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए दूसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। प्रियंका के अतिरिक्त, कई अन्य उल्लेखनीय हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा। ऑस्कर विजेता निर्देशक एंग ली को उनकी आजीवन उपलब्धियों के लिए गोल्ड लीजेंड ऑनर मिलेगा, पोकेमॉन कंपनी के सीईओ त्सुनेकाजु इशीहारा को पिकाचु के साथ सम्मानित किया जाएगा, और न्यूयॉर्क टाइम्स की बेस्टसेलिंग लेखिका मिन जिन ली को भी गोल्ड लीजेंड ऑनर दिया जाएगा। ग्रैमी विजेता कलाकार मेगन थी स्टैलियन को संगीत, फैशन और एनीमे में एशियाई प्रशांत संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वन हाउस ऑनर से नवाजा जाएगा। मोआना 2 के कलाकार और निर्माताओं को पासिफ्किा कहानियों के प्रतिनिधित्व के लिए गोल्ड एन्सेम्बल ऑनर मिलेगा, जबकि गायिका-गीतकार लॉफ़ी को उनके कलात्मक प्रभाव के लिए बिलबोर्ड गोल्ड रिकॉर्ड ऑनर प्राप्त होगा। एंडरसन.पाक को उनकी बहुमुखी सफलता के लिए गोल्ड मोगुल ऑनर और पेरप्लेक्सिटी एआई के सीईओ अरविंद श्रीनिवास को व्यापार और प्रौद्योगिकी में उनके नेतृत्व के लिए ए1 पुरस्कार मिलेगा।

# इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम के लिए नया फॉर्मूला तैयार, इजराइल की प्रतिक्रिया का इंतजार

**यरुशलम।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम वार्ता की मध्यस्थता कर रहे मिस्त्र और कतर के मध्यस्थों ने गाजा में शांति के लिए नया फॉर्मूला तैयार किया है। प्रस्ताव में गाजा में पांच से सात साल का युद्ध विराम, इजरायल की जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों के बदले सभी इजरायली बंधकों की रिहाई, युद्ध का औपचारिक अंत और गाजा से इजरायली सेना की पूरी तरह वापसी की बात कही गई है। प्रस्ताव पर चर्चा के लिए हमास का प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचने वाला था।

इसके पहले इजरायल और हमास युद्धविराम पर सहमत हुए थे, जो बीते मार्च महीने में टूट गया था। इसके बाद इजरायल ने गाजा पर बमबारी फिर से शुरू कर दी थी। इजरायल ने मध्यस्थों की योजना पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। प्रस्ताव पर काहिरा में चर्चा होने वाली है, जिसमें हमास के राजनीतिक परिषद के प्रमुख मोहम्मद दरवेश और उसके मुख्य वार्ताकार खलील अल-हय्या करने वाले है। इसके पहले हमास ने इजरायल के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार किया था, जिसमें छह सप्ताह के युद्धविराम के बदले में हमास से निरस्त्रीकरण की मांग शामिल थी। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वीडियो संदेश जारी किया था, जिसमें हमास के आगे सरेंडर नहीं करने की बात कही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### लूट का खुलासा न कर पाने मे गिरवा थाना प्रभारी को भेजा पुलिस लाइन

**चंद्र प्रकाश तिवारी बनाये गये गिरवा थाना प्रभारी**

**बांदा** । लगातार लूट और अपहरण के मामले से घिरे थाना प्रभारी को भेजा गया पुलिस लाइन और नए थाना प्रभारी बने चंद्र प्रकाश तिवारी।विगत दिनों एक सर्राफा व्यापारी की दो बाइक सवार चार युवकों ने गोली मार कर लूट का अंजाम दिया गया था जिस पर जिले और थाने को मिलाकर चार टीमों को खुलासा करने में लगाया था लेकिन 10 दिन होने के बाद भी जब खुलासा नहीं हुआ तो थाना प्रभारी को हटाकर उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया गया है। सूत्रों की माने तो गिरवा थाना अंतर्गत बछेही गांव के पास 12 तारीख को शाम को सर्राफा व्यापारी को दो बाइक सवारों ने गोली मारकर लूट को अंजाम दिया था जिसके आज तक उसका खुलासा नहीं हो पाया है जिसको लेकर गिरवा थाना प्रभारी रहे राधा कृष्ण तिवारी को पुलिस लाइन भेज दिया गया है और कालू कुंवा चौकी प्रभारी रहे चन्द्र प्रकाश तिवारी को गिरवा थाना प्रभारी बनाया गया है लेकिन अब यह देखना है कि ये नव नियुक्त थाना प्रभारी इस लूट को खोलने में कितना समय लेते हैं। क्योंकि उच्चाधिकारियों का भी कहीं न कहीं यही मानना है कि इनको पुलिस लाइन इसी लिए भेजा गया है क्योंकि जब किसी का स्थानांतरण होता है तो उनका कारण तो नहीं लिखा जाता है। वहीं सूत्रों की माने तो जिले के एक अधिकारी का भी यही कहना है कि जो स्थानांतरण हुआ है वो लूट से संबंधित है लेकिन ये समझने वाली बात होती है न कि लिखित देने वाली। वहीं नव नियुक्त थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश तिवारी को फोन लगाया थाने के ही किसी ने फोन उठा कर बताया कि साहब से शाम को बात हो पाएगी।

### महिला को हटाने पर सीएमओ से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**बांदा** । बहेरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संविदा पर तैनात महिला कर्मचारी को बिना नोटिस बताए हटाना मुख्य चिकित्साधिकारी को महंगा प? गया। महिला ने न्यायालय की शरण ली तो हाईकोर्ट ने सीएमओ को जवाब के साथ तलब कर लिया।विकास खंड महुआ के बहेरी सीएचसी में रामदुलारी ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेसिंग मैनेजर (बीसी पीएम) पद पर तैनात थीं। जनवरी माह में जिला स्वास्थ्य समिति की है। बैठक में वह अचानक बीमार हो । ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेसिंग मैनेजर के पद पर तैनात महिला हो गई थी बीमार गईं। उन्होंने उसी समय जिलाधिकारी को तबीयत खराब होने की बात बताई और घर (चित्रकूट) जाने का अनुरोध किया था। इसके बाद वह अपने घर चल गईं। दूसरे दिन तत्कालीन चिकित्साधीक्षक ने तत्कालीन सीएमओ डॉ. एके श्रीवास्तव से उनकी शिकायत की। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मी रामदुलारी की बिना कारण बताओ नोटिस दिए संविदा समाप्त कर दी। पी?ता संविदा स्वास्थ्य कर्मी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की और अपना पक्ष रखा। इस पर हाईकोर्ट ने सीएमओ को न्यायालय में प्रस्तुत होकर अपना पक्ष रखने और बिना कारण बताओ नोटिस दिए संविदा समाप्त करने का कारण स्पष्ट करने का आदेश जारी किया है। वहीं सीएमओ डा. बिजेंद्र बांदा का कहा है कि जानकारी मिली है। हालांकि मामला उनके समय का नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा।

### दैवी आपदा से बचाव की जानकारी दी

**बांदा** । अतर्रा तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी की अध्यक्षता में दैवी आपदा गोष्ठी हुई, जिसमें दैवी आपदा से होने वाले वाली जन-धन हानि से बचाव की जानकारी दी गई। कटी फसलों के अवशेष को खेत में न जलाने, फसल को बिजली के तार के नीचे न रखने, तालाब व नदी में बच्चों को नहाने के लिए न जाने देने सहित आदि जानकारियां दी गई। बचाव की जानकारी के पंपलेट भी वितरित किए गए। आपदा विशेषज्ञ प्रभाकर सिंह, अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल संस्थान, जिला बेसिक शिक्षा।

### मोटर दुर्घटना वादों के निस्तारण पर चर्चा

**बांदा** । राष्ट्रीय लोक अदालत दस मई को होगी। लोक अदालत को सफल बनाने के लिए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित वादों के निस्तारण पर न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं के बीच वार्ता हुई। 25 वादों की पत्रावलियों पर विचार विमर्श के बाद सुलह समझौते से निस्तारण पर निर्णय लिया गया।

# विभागीय कार्यों को तेज गति व समय से पूर्ण करें:आयुक्त

### आयुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**बांदा**। आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय कार्यों को तेज गति व समय से पूर्ण करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए चित्रकूट जनपद में कार्य को तेज गति के साथ जून, 2025 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वयं सहायता समूह के अन्तर्गत समूहों को क्रेडिट बैंकिग लिंकेज किये जाने तथा सीसीएल ऋण दिलाये जाने के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत युवा उद्यमियों को 5 लाख रूपये की धनराशि का ऋण बिना ब्याज एवं मार्जन मनी के साथ दिये जाने हेतु लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश समस्त जिला उद्योग प्रबन्धकों को दिये। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में अधिकारियों को प्राथमिकता पर कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारियों नगरपालिका एवं नगर पंचायत के माध्यम से शीघ्र फैमिली आईडी बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व वादों का शीघ्र निस्तारण करने तथा वरासत के प्रकरणों का समय से निस्तारण करने के साथ भूमि पैमाइश तथा भूमि विवाद के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। विकास कार्यों में जनपद हमीरपुर की रैकिंग बेहतर पायी गयी। उन्होंने इस प्रकार अन्य जनपदों की भी रैकिंग लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बच्चों के टीकाकरण के कार्य में विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोबा को जनपद महोबा में तथा आकांक्षी विकास खण्डों कबरई, कमासिन और बिसण्डा में टीकाकरण बच्चों में शतप्रतिशत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना में जनपद चित्रकूट में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण, मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजन वितरण किये जाने तथा अन्य आवश्यक मरीजों की जांचो को समय से पूर्ण कराते हुए बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन निर्माण एवं रोड निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए चित्रकूट में स?क निर्माण कार्य में मैन पॉवर को बढाकर तेजी लाये जाने तथा नई स?कों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए आवास दिलाये जाने तथा दिव्यांगजनों को आवश्यक रूप से चिन्हित करते हुए सुविधाओं का लाभ दिलाये जाने हेतु यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने 15वें वित्त एवं राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद चित्रकूट में कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी गौवंशों को गौशाला में संरक्षित किये जाने के निर्देश दिये तथा सभी गौशालाओं में समुचित पेयजल, चारा, प्रकाश, सेड/छाया सहित चिकित्सा की समुचित व्यवस्था रखी जाए। पं0दीनदयाल उपाध्याय सोलर लाइट योजना एवं कृषि रक्षारसायन वितरण व फसल अवशेष प्रबन्धन तथा मनरेगा एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में मण्डल के जनपदों में बेहतर कार्य किया गया है।

उन्होंने मण्डलीय शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु अध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं की शत्प्रतिशत उपस्थिति सनिश्चित करने, विद्यालयों में अनुशासन का विशेष ध्यान रखने तथा प्रोजेक्टर एवं टीएलएम का उपयोग करते हुए बच्चों को शिक्षा दिलाये जाने के साथ, दिव्यांग बच्चों सहित सभी बच्चों का विद्यालयों में पंजीकरण किये जाने, गुणवत्तायुक्त मिड डे मील वितरण कराये जाने एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। बैठक में सेतु निर्माण कार्यों, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का गठन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा किसानों हेतु सिंचाई की सुविधा की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मत्स्य पालक पट्टा आवंटन किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आईजीआरएस प्रकरणों तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आदि की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस के प्रकरणों का गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ बिना डिफाल्टर हुए निस्तारण किया जाए। उन्होंने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, अनुसूचित जाति पूर्व दशम एवं दसमोत्तर छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धवस्था, आधार सीडिंग के कार्य को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी बॉदा श्रीमती जे0रीभा, जिलाधिकारी चित्रकूट शिवशरणअप्पा जीएन, जिलाधिकारी हमीरपुर घनश्याम, अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त सहित मण्डल के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता से करें निस्तारणः डीएम

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक



**बांदा**। जिलाधिकारी बाँदा श्रीमती जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में आई0जी0आर0एस0 के प्रकरणों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं स्थलीय निरीक्षण कर साक्ष्य सहित आवेदनों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायत के निस्तारण के समय शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के लिए शिकायतकर्ता से वार्ता भी की जाए एवं उसको शिकायत के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए संतुष्ट किया जाए।

बैठक में उन्होंने राजस्व, विकास एवं पंचायत, नगरपालिका, विद्युत एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि खण्ड विकास अधिकारी/एडीओ पंचायत एवं ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित अधिकारी ग्रामीण स्तर पर शिकायतकर्ता से वार्ता कर उनकी शिकायतों का निस्ताण करायें। इसी प्रकार तहसील एवं नगरपालिका एवं नगर पंचायत से सम्बन्धित अधिकारी शिकायतों का शिकायतकर्ता से वार्ता कर एवं स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर नही होने पाये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई पोर्टल को अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड रखें एवं प्रतिदिन उसको चेक करते हुए अपने विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को समय से निस्तारण करायें इस कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नही की जायेगी, जिन विभागों की शिकायतें अधिक डिफाल्टर एवं असंतुष्ट फीडबैक पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण, खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हज यात्रियों का टीकाकरण हुआ सम्पन्न



**बांदा**। हज कमेटी आड़ इंडिया के निर्देशन में हज यात्रा 2025 के लिए चयनित बाँदा व चित्रकूट के आजमीने हज का मुख्य टीकाकरण बांदा पैरामेडिकल कॉलेज, तिंदवारा बांदा में संपन्न हुआ, मुख्य हज ट्रेनर हाजी आरिड़ खांन ने बताया हज कमेटी ऑड़ इंडिया व उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति शासन, लखनऊ के निर्देशन में टीकाकरण कार्यक्रम को नामित टीम के द्वारा वैक्सीन/टीके लगाए गए व टीकाकरण कार्यक्रम अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के समन्वय से सम्पन्न हुआ, बांदा एवं चित्रकूट के सभी आजमीन ए हज को ड्वाड्रीवैलेंट मैनिगोकॉल मोनिनजाइटिस वैक्सीन लगाई जाएगी तथा सीजन इनफ्लुएंजा ओरल पोलियो की दवा पिलाई गयी, टीकाकरण के लिए बांदा पैरामेडिकल कालेज, तिंदवारा को केंद्र बनाया गया, इस केंद्र पर हाजियों का टीकाकरण कराया गया व हज यात्रियों को हज समिति ऑड़ इंडिया की स्वास्थ्य कार्ड की बुकलेट दी गयी, कार्यक्रम में जामिया अरबिया, रब्बानियां और जामिया अरबिया हथोरा के उलमा ए इकराम मौजूद रहे, दोनों मसलक के उलमाओं ने हज की बारीकियां तड़सीर से बयां की, बांदा से 44 में से 3 और चित्रकूट जनपद में 4 में से 1 हज यात्री अनुपस्थित रहें, कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजेंद्र सिंह, शहर काजी अकील मियां, मुफ्ती शकील, मौलाना अनस, मौलाना मशर्रत, मुमताज अली, राशिद मियाँ, चेयरमैन बाँदा पैरामेडिकल कॉलेज मड़बूल अली खान, हाजी फसीउल्ला खान, हाजी सईद अहमद, हाजी मोहम्मद शाकिर, हाजी अजीड़ उस समद, बाबा फरीद, अयूब अली, वहीद नेता, प्रबंधक फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज अरशद बिलाल, सै0साजिद अली, नसीम बेगम, राबिया बेगम, जरीना खातून, शहाना, तारीक, डा मसजूद, डा फैड़ नियाड़ी, सैयद खुर्शीद अनवर, मूसाब अहमद, मलिक खान, अरशद , इरशाद जुगनू भाई, आरिड़ निजामी, राशिद आतिशबाज, हमीद आतिशबाज सहित शहर के मोअज्जिज शख्स मौजूद रहे।

### कार्य हुआ नही और हो गया 12 करोड़ का भुगतान जिसको लेकर प्रमुख अभियंता ने की जांच

**कालू कुआ से बबेरू मार्ग की निर्माणाधीन रोड की प्रमुख अभियंता ने की जांच लालकुआं-बबेरू रोड की जांच**

**बांदा** । घपले बाजी का पता तब चलता है जब कोई समाज सेवी य फिर अन्य नागरिक उसकी शिकायत करता है जिसका एक प्रमान सामने है जिसको लेकर विभाग के प्रमुख अभियंता ने जांच करनी शुरू कर दी है । प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग की ओर से कालूकुआं बबेरू बाईपास चौराहा तक करीब तीन किलोमीटर सड़क का 22 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण कराया जा रहा है। इसमें बिना कार्य कराए 12 करोड़ रुपये ठेकेदार को भुगतान कराने का मामला सामने आया है।शिकायत पर प्रमुख अभियंता ने सोमवार को यहां सड़क की जांच की। हालांकि इस संबंध में उन्होंने कुछ बताने से इंकार किया।कालूकुआं-बबेरू बाईपास चौराहे तक तीन किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण व सुदृड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। शासन ने

फरवरी माह में इसके लिए 22 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी थी। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग इसमें कार्य करा रहा है।मार्ग में डिवाइडर युक्त सड़क बननी है। शासन ने इसके लिए 12 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुशील त्रिवेदी ने शासन व प्रशासन से इस मामले में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी।.आरोप लगाया था कि एक्सईएन ने बिना कार्य कराए ही ठेकेदार को 12 करोड़ का भुगतान कर दिया है। साथ ही कहीं भी प्लांट नहीं स्थापित है और सड़क बनाई जारही है। मानकों की अनदेखी की जा रही है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री को भी ट्वीट किया था। इसके बाद डीएम ने जवाब मांगा तो एक्सईएन मनोज पांडेय ने गोलमोल जवाब दिया। सोमवार को लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्रीराज मामले की जांच करने पहुंचे । पहले उन्होंने सर्किट हाउस में ता अधिकारियों के साथ इस संबंध में बातचीत की। इसके बाद मौके का निरीक्षण भी किया। हालांकि वह जांच के समय जांच के समय अपनी गाड़ी से नीचे नहीं उतरे। इस संबंध में मीडिया ने उनसे कुछ सवाल भी किए, पर वह बिना जवाब दिए ही अंदर चले गए।

## राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बांदा में विशेषज्ञ सत्र का आयोजन

### माइक्रो ग्रिड एक सतत ऊर्जा भविष्य की ओर विषय पर हुआ आयोजन



**बांदा**। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग एवं आईईईई छात्र शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आज ष्माइक्रो ग्रिडरू एक सतत ऊर्जा भविष्य की ओरष् विषय पर एक शैक्षिक एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पृथ्वी दिवस और पावर एंड एनर्जी सोसाइटी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व, स्मार्ट ग्रिड तकनीक, तथा पर्यावरणीय संरक्षण पर आधारित विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

कार्यक्रम का संचालन वैभव चौधरी ने किया, जिन्होंने प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से सभी उपस्थितों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि यह सत्र केवल तकनीकी जानकारी देने वाला नहीं, बल्कि हमें हमारी पृथ्वी के प्रति उत्तरदायित्व का भी स्मरण कराता है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन न केवल तकनीकी हैं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और समर्पण की भी मांग करते हैं।

इसके उपरांत, आईईईई छात्र शाखा के परामर्शदाता डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने ष्माइक्रो ग्रिडष् की मूल अवधारणा को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह तकनीक किस प्रकार से परंपरागत विद्युत वितरण प्रणाली का सशक्त विकल्प बन रही है। उन्होंने बताया कि माइक्रो ग्रिड, विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में, विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता और सुलभता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह तकनीक ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे देश के ऊर्जा ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बांदा के निदेशक प्रोफेसर एस. पी. शुक्ल ने अपने उद्बोधन में वैश्विक जलवायु संकट, ऊर्जा की बड़ती मांग और नवीकरणीय स्रोतों की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने ज्ञान का उपयोग न केवल अपने कैरियर में, बल्कि समाज और पर्यावरण की भलाई के लिए भी करें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अभियंता बनना नहीं है, बल्कि समाज को नई दिशा देना है, और यह तभी संभव है जब हम सतत ऊर्जा के विकल्पों को अपनाएं। इस सेशन के मुख्य वक्ता प्रोफेसर आशीष कुमार सिंह (विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज) रहे। उन्होंने अपने दो दशकों के शोध एवं शिक्षण अनुभव को साझा करते हुए माइक्रो ग्रिड, स्मार्ट ग्रिड प्रबंधन, ऊर्जा कुशल प्रणालियाँ, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, तथा इलेक्ट्रिक वाहन अवसंरचना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि माइक्रो ग्रिड प्रणाली किस प्रकार पारंपरिक ग्रिड की निर्भरता को कम करते हुए स्थानीय ऊर्जा उत्पादन को सशक्त बनाती है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दोष पहचान प्रणाली, पेरोव्स्काइट सौर कोशिकाओं के पर्यावरण अनुकूल मॉडल, और स्मार्ट चार्जिंग अवसंरचना जैसे विषयों पर भी गहराई से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को शोध में आगे बड़ने की प्रेरणा दी और कहा कि 卐हर छात्र के पास देश की ऊर्जा नीति को दिशा देने की क्षमता है, आवश्यकता है तो केवल समर्पण और जिज्ञासा की। कार्यक्रम का समापन डॉ. मोहम्मद तौसीफ खान (सलाहकार, पावर एंड एनर्जी सोसाइटी, आर.ई.सी. बांदा) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी वक्ताओं, आयोजकों, और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को तकनीकी दृष्टि के साथ-साथ सामाजिक और वैश्विक दृष्टिकोण से भी परिपक्व बनाते हैं। इस कार्यक्रम विद्युत अभियांत्रिकी के अध्यक्ष श्री सर्वेश कुमार एवं विद्युत अभियांत्रिकी के समस्त अध्यापक उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम के दौरान आईईईई के समस्त मैटर, कोऑर्डिनेटर एवं वालंटियर उपस्थित रहे। यह सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों में सतत ऊर्जा के प्रति जागरूकता और नवाचार की भावना भी उत्पन्न करने वाला रहा। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बांदा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से प्रौद्योगिकी और पर्यावरण के संतुलन की दिशा में प्रतिबद्ध है।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बांदा** । दहेज में सत्तर हजार रुपये की अतिरिक्त मांग को लेकर ससुरालीजन महिला को प्रताड़ित करते रहे। महिला के पिता व रिश्तेदारों द्वारा कई बार समझाने के बाद उक्त ससुरालियों की मानसिकता में बदलाव नहीं हुआ और उन्होंने महिला को घर में जहरीला पदार्थ खिला दिया। अस्पताल से निकल कर पीड़ित महिला ने पति समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अधरोरी निवासी प्रीती ने कोतवाली प्रभारी को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता ने उसका विवाह ग्राम कुसमा के अंश पर्वत पुरवा निवासी रामस्वरूप के पुत्र लवकुश के साथ हिंदू रीत रिवाज से किया था। उस समय उन्होंने अपनी सामर्थ्य अनुसार, ससुराल वालों द्वारा मांगे गये दहेज और गृहस्थी का समान दिया था। शादी के समय से ही दहेज लोभी पति लवकुश, ससुर रामस्वरूप, और सास राजकुमारी मेरे ऊपर सत्तर हजार रुपये अतिरिक्त दहेज मांगने का दबाव बनाने लगे। मेरे है। बार-बार आवाजाही से इन्पर भी साथ नहीं दे रहे हैं। रात के समय छतों व घर के बाहर सोने के लिए लोग आब केन न महिला ने आरोप लगाया कि जहर देकर मार डालने की कोशिश की गई द्वारा मायके में अतिरिक्त दहेज की मांग न करने पर उक्त दहेज लोभी ससुरालीजन मेरे साथ मारपीट कर मुझे प्रताड़ित करने लगे। मेरे द्वारा मायके में बताने पर पिता व अन्य रिश्तेदारों ने ससुराल वालों से बात कर मुझे परेशान न करने की आरजू मिन्नत की। इसके बाद भी उनकी मानसिकता में कोई सुधार नहीं हुआ और बीते 15 अप्रैल को उन्होंने मुझे धोखे से जहरीला पदार्थ खिला दिया। सूचना पर मेरे पिता मेरे ससुराल पहुंच गए। लेकिन ससुराल वालों ने उनके साथ भी मारपीट की।

## » न्यूज कैप्सूल »

### भीषण गर्मी के चलते हुए किसी भी मेले को नहीं दी जाए परमिशनः नगर अध्यक्ष

**भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने ज्ञापन देकर जिलाधिकारी से अनुमति न देने की उठाई मांग**

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के नगर अध्यक्ष नितिन पंथ ने जिला अधिकारी को एक शिकायत पत्र दिया जिसमें बताया गया कि मई और जून के महीनों में अत्यधिक गर्मी होती है । ऐसे में कुछ लोग अपने आर्थिक फायदे के लिए क्राफ्ट मेला के नाम पर मेला ओर झूले लगा रहे हैं। ऐसे गर्मी के मौसम में झूले लगाने से बच्चों की सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। तथा गर्मी के मौसम में मेला लगना भी उचित नहीं है। शासन ने भी हीट वेव को लेकर एलर्ट भी जारी किया है भीषण गर्मी मे जन हित को देखते हुए जिलाधिकारी से मई और जून गर्मी के महीनों में किसी प्रकार के मेले की परमिशन जारी नहीं की जाने की मांग की गई ।

### हाई टेंशन तार के करंट से घायल हुए ग्रामीण ने लाइनमैन के खिलाफ कराया मामला दर्ज

**लाइनमैन के कहने पर खंभे पर चढ़कर विद्युत तार काटने के दौरान लाइन में आया था हाई टेंशन करंट**

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ग्राम खिरिया लटकंजू में लाइनमैन के कहने पर खंभे पर चढ़कर तार काट रहे ग्रामीण को अचानक करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिसका इलाज भोपाल एम्स में चल रहा था। इस इलाज के दौरान उसका एक हाथ काटना पड़ा। जिसको लेकर पीड़ति ने कोतवाली मेहरौली पुलिस को शिकायती पत्र देकर लाइनमैन के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

ग्राम खिरिया लटकंजू निवासी देशराज पुत्र किशोरी लाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 8 अप्रैल 2025 को शाम करीब 6ः00 बजे सैदपुर फीडर लाइनमैन बृजेश पटेल पुत्र बिहारी पटेल निवासी नराहट रोड महरौनी ने उसे उसके गांव आकर बताया कि गाँव से लाइन काट दो, क्योंकि लाइन में खराबी है और उसे सुधारना है। उसकी बात सुनकर उसने सि?डाऊन मिलने पर वह खंभे पर चढ़ गया और दो तार काटने के बाद जब वह तीसरा तार काटने लगा, तभी लाइन चालू हो गई और वह करंट की चपेट में आ गया। हाई टेंशन विद्युत लाइन से लगे करंट में उसका पूरा हाथ कलाई जल गया और दूसरे हाथ में भी करंट लगा, जिससे उसकी जांघों में करंट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां से वह इलाज कराने भोपाल गया था और भोपाल एम्स के डॉक्टरों ने उसका हाथ काट दिया, जिस कारण वह है दिव्यांग हो गया। उसका आरोप है कि उक्त लाइनमैन ने उसे हाई टेंशन विद्युत लाइन में करंट चालू कर जान से मारने का प्रयास किया था। कोतवाली महरौनी पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ति द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी लाइनमैन ब्रजराजपूत्र बिहारी लाल के खिलाफ 281, 125बी,118 (2) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### खेत पर गये बुजुर्ग किसान की पैर फिसलकर कुयें में गिरने से हुई मौत

**दो दिन बाद शव के उत्तराने पर परिजनों को हुई जानकारी, शव भेजा पोस्टमार्टम हाउस**

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मारवाड़ी के मौजा थानवारा में खेत पर गये किसान की पैर फिसलने से कुयें पानी में गिरने से मौत हो गई। जब किसान घर वापस नहीं आया, तो उसकी परिजनों उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। ?ब उसका शव पानी पर उतरा आया, तब परिवार के लोगों को जानकारी हुई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मौजा थानवारा निवासी 62 लम्पू पुत्र कुन्नी कुशवाहा रविवार को सुबह करीब 8ः00 बजे अपने खेत पर कृषि संबंधी कार्य के लिए गया हुआ था लेकिन उसके बाद में वापस नहीं आया जब वह देर शाम तक घर वापस नहीं आया तब उसकी परिजनों ने काफी कुछ दिन की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला । जिसके बाद सोमवार को भी सुबह से उसकी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला, इसके बाद शाम करीब 5ः00 बजे जब परिजन उसे ढूंढते हुए खेत पर गए तो उसका शब्द कुएं के पानी में उतरा रहा था। इसके बाद पारी जिन्होंने तत्काल उठाना की सूचना पुलिस को दी घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पांच नंबर भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया और जांच में जुट गई है। बताया गया है कि मृतक का पिछले दो वर्षों से मानसिक संतुलन खराब चल रहा था। यह भी बताया गया है कि मृतक तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा था और इनके चार पुत्र और तीन पुत्रीयां भी है। यह जानकारी मृतक के पुत्र हजारी ने दी।

### राजघाट जैन मंदिर में हुई मूर्ति चोरी का मामला हुआ दर्ज, जैन समुदाय का आक्रोश बरकरार

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश के बॉर्डर पर स्थित ग्राम राजघाट में स्थित जैन मंदिर में हुई चोरी का मामला श्रद्धालु की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया है। बतातें चलें कि तीन दिन पूर्व कस्बे में स्थित जैन मंदिर के दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर भगवान की तीन मूर्तियों को लेकर रफू चक्कर हो गए थे।

# आँगनबाड़ी में भर्ती में फिर लगा घोटाले का आरोप

**अब महरौनी के धवारी की महिला ने आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में घूस लेकर धांधली बरतने का लगाया आरोप**

**विभाड़ में भर्ती करने में सुविधा शुल्क के चलते कम नंबर वाले अभ्यर्थीयों को भर्ती करने का आरोप**

**अभ्यार्थी ने डीएम को ज्ञापन देकर पूरे मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने की उठाई मांग**



**ललितपुर।** हाल ही में जनपद में आंगनवाड़ी में हुई भर्तियों के नाम पर एक बार फिर घोटाला करने का आरोप लगाया गया है। जिसके संबंध मे ग्रा पड़वा निवासी एक महिला ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर अपने अधिक नंबर होने के बावजूद काम नंबर वाली महिला की भर्ती करने का आरोप लगाया है और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है। पीड़िता का आरोप है कि आवेदन के समय उसके अंक अधिक थे और जिसकी भारती की गई उसके अंक कम थे, उसने सुविधा शुल्क नहीं दी इसलिए विपक्षी महिला से सुविधा स्वर्ग लेकर उसको भर्ती कर लिया गया और उसे भर्ती प्रक्रिया से बाहर का रास्ता दिखाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद के विकासखंड महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पड़वा पोस्ट धवारी निवासी जयदेवी पत्नी नितेश दुबे ने मंगलबार को कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित हुई, जहां उन्होंने हाल ही में अपने गांव में आंगनबाड़ी केंद्रो पर रिक्त पड़े पदों को लेकर हुई भर्ती प्रक्रिया में घूसखोरी का आरोप लगाया और चयन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को कटघरे में ला खड़ा किया। इस युबती ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी भर्ती 2024 के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की भर्ती के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। जिसके चलते उनके गांव में आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में जिम्मेदारों द्वारा मानकों को ताक पर रखकर रिश्वत लेकर नियम विरुद्ध नियुक्ति की गई है। दिए गये ज्ञापन में अवगत कराया कि भर्ती के लिए उन्होंने अपने अपने गाँव के लिए अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत किया था, जिसमें हाई स्कूल की परीक्षा में 87.16 और इंटर की परीक्षा में 88.40 प्रतिशत अंक थे, जिसकी छाया प्रति भी लगाई गई थी। लेकिन इस दौरान चयन प्रक्रिया में जिम्मेदारों द्वारा भारी अनियमितताएं वर्ती गई, जिससे उसे इस भर्ती प्रक्रिया से वंचित रखा गया और घूस लेकर अपात्रों को इस प्रक्रिया के दौरान चयन किया गया। बताया गया है कि जिनकी भर्ती की गई है उनके अंक का प्रतिशत कम है और उनकी भर्ती नहीं की गई जबकि उनके अंको का प्रतिशत ज्यादा है। पीड़िता का आरोप है कि प्रस्तुत किए गए आवेदनों में वरीयता के क्रम में उसका नाम सबसे ऊपर था, जबकि विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने घटकर सुविधा शुल्क लेकर उसके स्थान पर उसके ही गांव में रहने वाली कम नंबर लाने वाली महिला का चयन कर लिया गया। इस प्रार्थना पत्र के माध्यम से उसने जिला अधिकारी से सभी महिलाओं के दस्तावेजों की जांच कर उन्हें प्रार्थीमित्का के आधार पर भर्ती कराए जाने की मांग उठाई। गौरतलब है कि इसके पहले भी शहरी इलाके से लेकर ग्रामीण इलाकों तक की कई महिलाएं इस धांधली के संबंध में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दे चुकी हैं।

## नाबालिक छात्रा की एसपी से शिकायत के बाद महरौनी पुलिस ने इंटर कॉलेज के अध्यापक चाली राजा को गिरफ्तार कर मामला किया दर्ज

**टीचर पर लगाए थे परीक्षा में पास करने के नाम पर घर बुलाने का दबाब बनाने एवं अश्लीलता भरे मैसेज करने का आरोप**

**अध्यापक के खिलाफ कोतवाली में शिकायती पत्र देने के बाद भी कार्यवाही न करने का था आरोप**

**ललितपुर।** हाई स्कूल की छात्रा के साथ बदनीयत से बोर्ड परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर अश्लीलता भरे मैसेज करने और अपने घर बुलाने का दबाव बनाने बाले आरोपी टीचर को महरौनी पुलिस ने एसपी के निर्देश पर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताते चलें कि कोतवाली महरौनी में शिकायती पत्र देने के बाद जब कार्यवाही नहीं हुई, तो पीडति ने पीड़िता ने अपने माता-पिता के साथ एसपी को शिकायती पत्र देकर विद्यालय प्रबंधन एवं नमाजद अध्यापक के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई थी।

कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत बड़ोनिया इंटर कॉलेज में हाई स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा ने अपने माता-पिता के साथ सोमवार को पुलिस अधीक्षक के समक्ष उजस्थित होकर शिकायती पत्र देकर कॉलेज के ही अध्यापक चाली राजा पुत्र बलराम सिंह उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम सुकाडी पर बोर्ड परीक्षा में पास करने का दबाव बनाकर अपने घर बुलाने एवं मोबाइल पर अश्लीलता भरे मैसेज करने का आरोप लगाया था। इसके बाद एसपी के निर्देश पर कोवाली महरौनी पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मु0अ0स0- 152/2025 धारा 74 व 7/8 पाक्सो एक्ट में मामला पंजीकृत किया और मामले में वांछित अभियुक्त हाल निवासी मास्टर कालोनी कस्बा को मुखबिर खास की सूचना पर 22 दिनांक 2025 को समय 13.10 बजे चौरसिया की दुकान के पास बहद कस्बा महरौनी से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, उ.नि. निखिल मलिक चौकी व का0 श्यामबीर गुर्जर शामिल रहे।

## तालाब से अवैध तरीके उठाई जा रही है मिट्टी

**खनन माफियाओं के द्वारा प्रशासन की नाक के नीचे ,प्रशासन को अंगूठा दिखाकर खनन माफिया चला रहे हैं जेसीबी और ट्रैक्टर**

**सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहे वायरल**

**ललितपुर।** जिले में मड़ावरा तहसील में जहां एक ओर खनिज सम्पदा का अपार भण्डार है। प्रदेश सरकार से लेकर केन्द्र सरकार की टीमों ने मंडावरा तहसीन में कई सर्वे कराए हैं जिसमें मडावरा तहसील में कई जगह अनेकों प्रकार की बहुमूल्य खनिज होने के समाचार प्रकाशित हुए हैं। लेकिन इसके बाबजूद मड़ावरा तहसील अवैध खनन का गढ़ बनाता जा रहा है। ताजा मामला तहसील मड़ावरा के ग्राम साडूमल का है जहां अवैध खनन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिस खनन कर्ताओं कि हौसले बुलंद है और वह लगातार दिन-रात खनन के काम में लगे हुए हैं।

मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम साढुमल से देवरान रोड़ पर तालाब की खुदाई भूमाफियाओं के द्वारा जोर शोरो से की जा रही है । वहीं प्रशासन की बात करें तो प्रशासन के नाक के नीचे खनन माफिया लाखों का खेला कर रहे हैं । इस अवसर पर ग्रामीणों में यह चर्चा का विषय बनी हुई है कि पुलिस प्रशासन से लेकर प्रशासनिक अधिकारी आखिरकार इस मामले में चुप्पी क्यों साधे हुए हैं । खनन विभाग की बात करें तो खनन विभाग छोटी-मोटी कार्यवाही कर कर बड़े खनन माफियाओं को संरक्षण दे रहा है । इस तरह खनन अधिकारी की कार्य- शैली पर भी सबालियानिशान उठ रहे हैं । आम जन मानस में चर्चा का विषय यह है कि क्या इसी तरह जनपद की खनन सम्पदा लुटती रहेगी और खनन माफिया खुले आम खनन करते रहेंगे। या खबर प्रकाशित होने के बाद ललितपुर जिला प्रशासन कोई ठोस कार्यवाही करेगा। इस संबंध में जब हमारे संबद्धता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी मड़ावरा और उपजिलाधिकारी मड़ावरा से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की तो दोनों अधिकारियों द्वारा सीयूजी न पर कॉल रिसीव नहीं हुआ ।

## साहब.... क्या पत्रकारों द्वारा प्रकाशित भ्रष्टचार के समाचरों की होंगी जांच

**गैंगस्टर एक्ट की जद में आए पत्रकार द्वारा प्रकाशित भ्रष्टाचार के समाचारों की जांच करने की उठाई मांग**

**यूपी जनरलिस्ट एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**



**ललितपुर।** जनपद में पत्रकारों पर लिखे जा रहे मुकदमे और उनके उत्पीड़न को लेकर यूपी जर्नीलिसट्स संगठन ने गहरी चिंता व्यक्त की और गैंगस्टर एक्ट में भेजे गए पत्रकार द्वारा प्रकाशित किए गए भ्रष्टाचार के समाचार की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई। बताते चलें कि पूर्व में पत्रकार अंतिम जैन अंतू सहित अन्य पत्रकारों द्वारा अपने समाचार पत्र स्पष्ट आवाज के माध्यम से जनपद में फैली भ्रष्टाचार और गलत तरीके से किए गए अवैध कब्जा और नियुक्तियों को लेकर कई समाचार प्रकाशित किए थे जिससे आक्रोशित होकर विपक्षियों ने उन पर अवैध वसूली जैसे कई मामले पंजीकृत कर दिए और पुलिस प्रशासन की मदद से जिला प्रशासन ने उन पर गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया था।

पत्रकारों के उत्पीड़न को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित कर डीएम के नाम दिए गये ज्ञापन में अवगत कराया है कि जनपद में चल रहे अबैध कब्जो और शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए किये गये अनैतिक कार्यों को अपने समाचार पत्र में निष्पक्ष खबरें प्रकाशित करने पर अनैतिक रूप से पत्रकारों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराये जा रहे हैं। ज्ञापन में यही बताया गया है कि अवैध रूप से जमीनों पर कब्जा करने गैरकानूनी कृत्य एवं भ्रष्टाचार के विरोध में जनपद के कुछ पत्रकारों के द्वारा निष्पक्ष रूपसे खबरों का प्रकाशन किया था। इसके बाद खबरों से बौखलाये अनैतिक कार्य करने वालों ने कुछ पत्रकारों पर झूठे मनगढंत तरीके से संगीन धाराओं में मुकदमें दर्जकराये गये हैं। एक दैनिक अखबार के सम्पादक एवं ब्यूरो चीफ आदि पत्रकारों पर झूठे मुकदमें दर्ज कर गैगस्टर जैसी धाराओं में पाबंद कर जेल पहुंचा दिया है, जबकि प्रदेश सरकार एवं हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि पत्रकरों पर बिना जांच पड़तालके किसी प्रकार का कोई मुकदमा दर्ज नहीं होगा, इसके बाबजूद झूठी शिकायतों केआधार पर मुकदमें दर्ज कर चौथे स्तम्भ की निष्पक्षता पर कुठारघात किया गया है। अत: निवेदन है कि जिन लोगों के द्वारा पत्रकारों पर मुकदमें दर्ज कराये है उनकी खबरों को संज्ञान लेकर उन मामलों की जांच कराई जाय, जिससे अनैतिक कब्जेधारियों एवं भ्रष्टाचार करने वालों का खबरों के आधार पर खुलासा होस के और पत्रकारों की निष्पक्षता प्रशासन के सामने आये। दिए गये ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, सौरभ जैन धर्म सिंह गजेंद्र मोहन त्रिपाठी सुरेंद्र पोस्टर जितेंद्र यादव सुनील जैन आदि के हस्ताक्षर बने हुए हैं।

## पेंशन संशोधित विधेयक के विरुद्ध विशाल धरना

**ललितपुर।** कंपनी बाग में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पेंशनर एवं शिक्षक महासंघ,राजकीय शिक्षक संघ,राजकीय शिक्षक संघ के सदस्यों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर धरने का कार्यक्रम रखा।

सभा की अध्यक्षता कर्मचारी सेवानिवृत पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जे के सिंह ने की ।सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को अति शीघ्र कर्मचारियों/पेंशनर्स/शिक्षकों की मांगों को मान लेना चाहिए ।प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश लिटौरिया ने कहा कि सरकार ने पेंशनर्स के लिए दो प्रतिशत महंगाई की घोषणा नहीं की है जो शीघ्र की जाए ।माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बुंदेला एवं महामंत्री श्री सतेंद्र जैन ने कहा कि सरकार कर्मचारी विरोधी नीतियां अपनाए हुए हैं ।इसमें सबसे बड़ा हाथ ब्यूरोक्रेसी का है जो सरकार को भ्रामक सूचनाएं देती है और सरकार द्वारा उनका क्रियान्वयन कर दिया जाता है जो शिक्षक कर्मचारी विरोधी होता है जिसका परिणाम घातक होता है। सभा को दानवीर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुषों तिवारी,दिनेश चंद्र, तिलकराम कौशिक,श्रीश चंद व्यास,लखनलाल कालूराम, जगदीश पुरोहित,अशोक कुमार मिश्रा,दिनेश खरे,महेश तिवारी,रीता कुशवाहा,राजेश लिटौरिया,रामसेवक सैनी,आलोक श्रीवास्तव, अनीता कुशवाहा, अर्चना तिवारी,अनूप सैनी,रमेश सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह बुंदेला, आदि ने संबोधित किया।

## दिव्यागों में प्रतिभा की कमी नहीं ~सचिन पाण्डे

**राष्टीय युवा प्रमुख सक्षम ने दी कार्यकर्ताओं को सीख**

**ललितपुर में युवा सक्षम गठित, दीपक राठौर अध्यक्ष नितिन झा बने मंत्री**

**ललितपुर।** समदृष्टि विकास एवं अनुसंधान मण्डल सक्षम के राष्टीय युवा प्रमुख सचिन पाण्डे ने ललितपुर में स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा दिव्यागों की सेवा ईश्वरीय कार्य है इसको करने में आत्मसंतोष की अनुभूति होती है। दिव्यांग भले ही शरीर से होते हैं लेकिन उनकी प्रतिभा कम नहीं रहती है उनको समाज में सम्मानजनक जीने का अधिकार मिले इसके लिए सक्षम के स्वयंसेवक कार्य करते हैं। ललितपुर में प्रान्तीय कार्य योजना बैठक में पहुचे राष्टीय युवा प्रमुख सचिन पाण्डे ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए युवाओं को सहभागिता पर बल लिया। प्रान्त युवा प्रमुख शिवम पाण्डे ने प्रान्त में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता प्रान्त अध्यक्ष देवनारायण सोनी ने की एवं संचालन प्रान्त सचिव डा सुरेन्द्र विक्रम गोस्वामी द्वारा किया गया।

## अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के हेतु चलाया गया छापामार कार्रवाई अभियान

**जनपद पुलिस ने अलग-अलग स्थान से एक दिवस में 36 नफर वारंटीयों को किया गिरफ्तार**

**न्यायालय में बिचाराधीन मामलों को लेकर हाजिर न होने ओर गैर जमानती वारंट हुआ था जारी**

**ललितपुर।** जनपद में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक के दिशा निर्देशन में चलाये जा रहे चेकिंग और गस्त अभियान के दौरान जनपद पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से 36 उन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जो विचारधीन चल रहे मामलों में न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। जिसके परिपेक्ष में न्यायालय द्वारा उनका गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एंव सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा 11 नफर वारण्टी, थाना पूराकलां पुलिस द्वारा 05 नफर वारण्टी, थाना बानपुर पुलिस द्वारा 05 नफर वारण्टी, थाना महरौनी पुलिस द्वारा 05 नफर वारण्टी, थाना तालबेहट पुलिस द्वारा 04 नफर वारण्टी, कोतवाली सदर पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी, थाना जाखलौन व थाना नाराहट व जखौरा पुलिस द्वारा 01-01 नफर वारण्टी अभियुक्तगण कुल 36 नफर वारण्टी अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक




वैधानिक कार्यवाही करते हुए वास्ते पेशी न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्तगण में पहलवान सिंह पुत्र कमल सिंह नि0 ग्राम सारसेड थाना पूराकला, रत्तन पुत्र ग्यासी कुम्हार नि0 कस्बा व थाना पूराकलां, सुरेश कुमार लोधी पुत्र जगदीश लोधी नि0 ग्राम गेवरा, सुम्मा पुत्र झण्डू ढीमर नि0 ग्राम गेवरा, कल्लू पुत्र हजारी अहिरवार नि0 ग्राम हसारकलां, जसपाल पुत्र जयसिंह नि0 ग्राम सैदपुर थाना महरौनी, अरविंद पुत्र कमतु नि0 ग्राम सैदपुर, पप्पू पुत्र जाहर सिंह नि0 ग्राम सैदपुर, समसाद अली पुत्र सप्पी अली नि0 मु0 मंडी रोड, धरमु पुत्र हरजु नि0 ग्राम पठा विजयपुरा, सन्तोष पुत्र नन्दी उर्फ नदिया उम्र करीब 44 वर्ष निवासी ग्राम कुआगाव थाना बानपुर, बन्टी राजा पुत्र अमरेन्द्र सिह उर्फ अम्मू राजा उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम बंगरा, नन्दू प्रजापति पुत्र मुलू प्रजापति उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम तेरा, सुखदेव पुत्र चन्ने उम्र करीब 38 वर्ष निवासी तेरा, सुखलाल पुत्र चन्ने उम्र करीब 45 वर्ष निवासी तेरा, मुबीन खान पुत्र मुंशी खान निवासी ग्राम मैरतीकलां थाना जाखलौन, रमेश कुमार उर्फ कल्लू गुप्ता पुत्र महादेव प्रसाद उम्र करीब 64 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरा खुर्द थाना नाराहट, दीपक पुत्र रामदेव कुशवाहा उम्र करीब 24 वर्ष नि0ग्राम सीरोन थाना मडावरा, चन्द्रभान पुत्र सीताराम लोधी उम्र करीब 26 वर्ष नि0ग्राम बम्हौरीकला, पप्पू पुत्र हरलाल उम्र करीब 50 वर्ष,मुन्नापाल पुत्र दिल्लेपाल उम्र करीब 45 वर्ष, बड़े कल्ला पुत्र दिल्लेपाल उम्र करीब 52 वर्ष, छोटे कल्ला पुत्र हरलाल उम्र करीब 50 वर्ष नि0गण ग्राम सिमिरिया थाना मडावरा, प्रकाश पुत्र मनोरे उम्र करीब 38 वर्ष, श्रीमती भूरी पत्नी मनोरे उम्र करीब 56 वर्ष, श्रीमती सुषमा पत्नी प्रकाश उम्र करीब 35 वर्ष नि0गण ग्राम मानिकपुर, अरविन्द्र कुशवाहा पुत्र रामदास कुशवाहा उम्र करीब 26 वर्ष नि0ग्राम रनगाँव, मोहन पुत्र दयालू कुशवाहा उम्र करीब 36 वर्ष नि0ग्राम रनगाँव, हन्नू कुशवाहा पुत्र भगवानदास निवासी मु0 खिरकापुरा, कन्छेदी पुत्र सूखे निवासी खिरकापुरा, सुब्बन काछी पुत्र कुदऊ काछी निवासी भदइयापुरा, श्रीमती हल्केबाई पत्नी भूषण नि0 मु0 चौबयाना कस्बा व थाना तालबेहट, गायत्री पुत्री भूषण नि0 मु0 चौबयाना, राकेश पुत्र गोविन्ददास ढीमर नि0 ग्राम तरगुआँ, सीताराम अहिरवार पुत्र मोना नि0 ग्राम सुनौरा, इन्दल सिंह पुत्र प्रकाश यादव उम्र करीब 36 वर्ष नि0 ग्राम नदनवारा थाना जखौरा शामिल है।

# एक अधिकारी कर रहा लोको पायलटों का उत्पीड़न

### पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने किया प्रदर्शन, अफसर को हटाने की मांग



**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में तैनात एक अधिकारी लोको पायलटों का उत्पीड़न कर रहा है। आए दिन लोको पायलटों को आरोप पत्र दिए जा रहे है जिसे लोको पायलटों में काफी आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में प्रदर्शन कर अफसर को हटाने की मांग की है.

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में तैनात एक अधिकारी द्वारा लोको पायलटों के साथ हिटलरशाही अपनाई जा रहा है। इस तरह का आरोप लगाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने रेल यात्रियों की सुरक्षा खतरे में बताई है। मंगलवार को पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में रेलवे के लोको पायलटों की गृहणियों ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पहुंच कर जमकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान पूर्व मंत्री ने आरोप लगाते हुए बताया कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में तैनात एक अधिकारी द्वारा लगातार रेलवे के लोको पायलटों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अधिकारी ने अपनी हिटलर शाही के चलते वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। तीन महीने में बिना किसी जांच के 18 सौ लोको पायलटों को चार्जशीट दे दी। उन्होंने कहा कि हमारी झांसी की नगरी में रेल कर्मियों का अहम योगदान रहता है। चाहे आरपीएफ हो या रेलवे का कोई कर्मचारी या फिर लोको पायलट इन सभी के अच्छे कार्यों के चलते झांसी का नाम रोशन हो रहा है। लेकिन इस विभाग में तैनात एक अधिकारी द्वारा लोको पायलटों को बिना किसी कारण बस चार्जशीट पकड़ा देना यह कहा का न्याय है।

उन्होंने कहा कि इस अधिकारी की हिटलर शाही के चलते परेशान लोको पायलटों के घरों के चूल्हे तक जलना बंद हो रहे, उनके परिवार की स्थिति खराब हो रही। इस हिटलर शाही से लोको पायलट के जिम्मे हजारों रेल यात्रियों की जान को खतरा है क्योंकि इस हिटलर शाही से लोको पायलट टेंशन में रहते है और गाड़ी को आगे गंतव्य तक कैसे ले जायेंगे अगर उनका मानसिक उत्पीड़न होगा तो। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन देकर रेल अधिकारी की हिटलर शाही पर अंकुश लगाने ओर उनका तबादला करने की मांग की है।

#### एक ओर लोको पायलट को दे दी मेजर चार्जशीट

सीनियर डीईई (परिचालन) और लोको इंस्पेक्टर से गाली गलौज व धमकी देने के मामले को रेलवे अफसर ने गंभीरता से लिया है। सीनियर डीईई (परिचालन) शिवम श्रीवास्तव ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में मेजर चार्जशीट दे दी है।

लोको पायलट के पद पर मानसिंह कुशवाहा तैनात है। बीते रोज लोको पायलट मानसिंह ने अफसर के चेम्बर में आकर गाली गलौज की। इसके बाद लोको पायलट चला गया था। बाद में इसी लोको पायलट ने लोको इंस्पेक्टर अमित कपूर से दुर्व्यवहार करते हुए गाली गलौज की थी। साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले की शिकायत सीनियर डीईई (परिचालन) शिवम श्रीवास्तव से की गई थी। इस आधार पर लोको पायलट को मेजर चार्जशीट जारी की है। इसके अलावा यह भी पता चला है कि उक्त लोको पायलट बिना यूनिफार्म के ड्यूटी करता है। इसकी शिकायत अफसर से की गई थी। इसके अलावा वह एक संगठन से जुड़ा हुआ है।

# योगी सरकार टीबी के खिलाफ जंग में टीबी चैंपियंस को बना रही साझीदार

#### टीबी का उपचार सफलतापूर्वक लेने वाले मरीज चयनित हो रहे टीबी चैंपियन

**झांसी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार टीबी उन्मूलन के खिलाफ चल रहे अभियान में टीबी का उपचार लेकर बीमारी से मुक्त हो चुके मरीजों को टीबी चैंपियन के रूप में साझीदार बना रही है। झांसी जिले में मौजूदा समय में 115 टीबी चैंपियन चिह्नित किए गए हैं और इन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन टीबी चैंपियन की मदद से टीबी मरीजों को चिह्नित करने, उनको इलाज के लिए प्रेरित करने जैसे अभियानों में मदद ली जाती है।

झांसी जनपद में वर्तमान समय में टीबी का उपचार लेकर बीमारी से निजात पाने वाले 115 लोगों को टीबी चैंपियन के रूप में तैयार किया जा रहा है। इनमें से 76 टीबी चैंपियन प्रशिक्षण ले चुके हैं। टीबी चैंपियन को चिह्नित करने और उन्हें प्रशिक्षित करने में गैर सरकारी संस्था की मदद ली जा रही है। टीबी उन्मूलन से जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों और परामर्श कार्यक्रमों में टीबी चैंपियन के अनुभव प्रेरित करने वाले होते हैं क्योंकि वे टीबी उन्मूलन के जीवंत उदाहरण होते हैं।

रोगी सपोर्टर बैठकों में ये अपने अनुभव साझा करते हैं और व्यक्तिगत परामर्श भी देते हैं। झांसी के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ यू एन सिंह ने बताया कि टीबी चैंपियन असल में वे लोग हैं, जो टीबी की बीमारी का सफलतापूर्वक उपचार लेकर रोगमुक्त हो चुके हैं। इन्हें टीबी चैंपियन के रूप में चिह्नित और प्रशिक्षित कर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और अन्य स्थानों पर टीबी मरीजों को इलाज के लिए प्रोत्साहित करने और उनकी भ्रांतियों को दूर करने में इनकी मदद ली जाती है।अ

# सभी केंद्रों पर गेहूँ क्रय का लक्ष्य निर्धारित करें: सतीश चंद्र शर्मा

### मंडल में समर्थन मूल्य के अंतर्गत गेहूं खरीद प्रारंभ



**झांसी।** राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उत्तर प्रदेश सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि 01 मार्च 2025 से मण्डल में समर्थन मूल्य के अंतर्गत गेहूं खरीद प्रारम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष-2017 से निरंतर किसानों को व्यापक स्तर पर समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में एमएसपी के अंतर्गत गेहूं क्रय केंद्र वर्ष 2025-26 में खरीद का कार्य सुचारू ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिए क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए किसानों से उनके खेत पर ही व्यक्तिगत संपर्क किया जाए ताकि अधिक से अधिक किसान अपना गेहूँ केन्द्रों पर बेच सके।

उन्होंने सर्किट हाउस सभागार में आयोजित गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए कहा कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य ? 2425 प्रति कुंटल के आधार पर गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि केन्द्र प्रभारियों को प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित करते हुए गेहूं खरीद कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समीक्षा के दौरान जनपद ललितपुर में पीसीएफ के केंद्रों पर शून्य खरीद पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की जल्द से जल्द सभी केंद्रों पर गेहूँ क्रय करना सुनिश्चित किया जाए। शून्य ख़रीद को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गेहूँ क्रय की समीक्षा करते हुए राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उत्तर प्रदेश ने उपस्थित समस अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश देते हुए कहा कि वह प्रत्येक प्रभारी को एक रोस्टर जिसमें केंद्र प्रभारी जाकर कृषकों से संपर्क करें और गेहूँ क्रय करने हेतु केंद्र पर उन्हें आमंत्रित करें।

राज्यमंत्री ने समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी 15 दिन का कार्यक्रम बनाते हुए सभी केंद्रों पर गेहूँ क्रय का लक्ष्य निर्धारित करें और उसकी पूर्ति के लिए क्षेत्र में व्यक्तिगत रूप से किसानों से संपर्क करें। उन्होंने ललितपुर में पीसीएफ के केंद्रों पर सुधार लाए जाने हेतु जल्दी से जल्द प्रयास करने को कहा ताकि गेहूँ खरीद का लक्ष्य पूरा किया जा सके। राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उत्तर प्रदेश सतीश चंद्र शर्मा मण्डल की पूर्ति विभाग द्वारा नि:शुल्क खाद्य वितरण, उज्ज्वला योजना अंतर्गत कनेक्शन तथा ई-केवाईसी की समीक्षा की और उज्ज्वला योजना के तहत लक्ष्य बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर आरएफसी, डिप्टी आरएमओ, मण्डी सचिव सहित विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता: मृदुल चौधरी

#### नवागंतुक जिलाधिकारी ने जनपद झांसी का ग्रहण किया पदभार

#### जनपद में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों को गति के साथ पूर्ण कराया जाना प्राथमिकता रहेगी

#### जनपद में पेयजल आपूर्ति पर दिया जाएगा विशेष ध्यान



**झांसी।** नवागंतुक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने आज सायं 07 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषागार पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी नवागत जिलाधिकारी इससे पूर्व जनपद महोबा में जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुके है। जिला कोषागार में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त उन्होंने जरूरी अभिलेखों पर हस्ताक्षर किया।

नवागत जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त अधिकारियों से कहा कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए आम जनमानस को दी जा रही सुविधाएं, लाभार्थियों तक शत प्रतिशत पहुंचाना प्राथमिकता रहेगी, इसके साथ ही जनपद में हो रहे विकास कार्यों को गति के साथ पूर्ण कराया जाएगा। जनपद में शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति हेतु विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जनपद में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को गति के साथ पूर्ण कराया जाना और जनपद के सभी लोगों के समन्वय से शासन की नीतियों का धरातल पर क्रियान्वित करने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्याय श्रीमती श्यामलता आनंद, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वरुण कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे योगेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रमोद कुमार झा, उपजिलाधिकारी झांसी सुश्री देवयानी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती स्नेहा तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# इलेक्ट्रिक व्यापारी अपहरण कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार



**झांसी।** रक्सा पुलिस ने सात दिन पूर्व इलेक्ट्रिक व्यापारी का अपहरणकांड में फरार चल रहे एक ओर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रक्सा थाना प्रभारी परमेंद्र सिंह ओर उनकी टीम ने देर रात एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शिवम उर्फ गोलू निवासी पुनावली कला बताया। पुलिस ने गहराई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 14 अप्रैल को रक्सा मैन मार्किट से इलेक्ट्रिक व्यापारी माधव मोहन गुप्ता के अपहरण कांड में वह भी शामिल था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में जातीय भेदभाव का आरोप, डीएम की शरण में पहुंचे विद्यार्थी



**झाँसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संस्थान में हो रहे जाति आधारित भेदभाव को लेकर जिलाधिकारी झांसी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के साथ लगातार हो रहे भेदभाव और मानसिक उत्पीड़न की शिकायत की गई है।

छात्रों का आरोप है कि संस्थान से आयोजित विभिन्न गतिविधियों में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को जानबूझकर नजर अंदाज किया जाता है और उनके साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया जाता है। जब किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है, तो जांच की प्रक्रिया निष्पक्ष न होकर पूरी तरह से एकतरफा होती है, जिसमें केवल संस्थान प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी को ही आधार बनाया जाता है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ वरिष्ठ अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को धमकाते हैं, उन पर झूठे आरोप लगाते हैं और अनुशासन हीनता की कार्रवाई की बात कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। छात्रों ने इसे संवैधानिक उल्लंघन बताया है, साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1999 के अंतर्गत दंडनीय अपराध भी करार दिया है।

ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष, स्वतंत्र और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाएँ कि वे जाति आधारित भेदभाव पर रोक लगाएं और सभी छात्रों के साथ समान व्यवहार करें। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की भी माँग की गई है। छात्रों ने जिलाधिकारी से शीघ्र हस्तक्षेप करने और न्याय दिलाने की अपील की है। इस ज्ञापन में कई छात्रों के हस्ताक्षर शामिल हैं।

# जुर्माना होने के बाद भी कंपनी का एग्रीमेंट क्यों नहीं किया निरस्त

#### चेंबर में बुलाकर अफसर ने गाल पर जड़ा तमाचा

#### गुंडई- कुर्सी से उठाकर रास्ते में एक ओर साथी को पीटा

#### रेलवे अफसर खुद कर रहे नियमों का उल्लंघन

**झांसी।** पे एंड यूज के नाम पर हो रही वसूली की शिकायत के बाद भी अभी तक कंपनी का एग्रीमेंट निरस्त नहीं किया गया। यही कारण है कि कंपनी का स्टॉफ खुलेआम वसूली में व्यस्त है। इसी बात से नाराज वाणिज्य विभाग के एक अफसर ने कंपनी के एक कर्मचारी को कक्ष में बुलाकर गाल पर तमाचा अड़ दिया। यही नहीं, इसी कंपनी के एक ओर साथी को रास्ते भर पीटते-पीटते टीटीई रुम में ले गए। बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस तरह की घटनाओं से रेलवे अफसर खुद नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। इस मामले को रेलवे अफसरों के संज्ञान में लाया गया।

वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर सात पर मां तारा इंटरप्राइजेज कंपनी का ठेका है। यहां पर महिला व पुरुषों के शौचालय बनाए गए हैं। इसका नाम दिया गया है पे एंड यूज। इस कंपनी का तीन साल पहले ठेका दिया गया था। मात्र छह माह बचे हुए हैं। इस शौचालय में जाने वाले लोग आए दिन पैसा अधिक लेने की शिकायत करते थे। इसकी जानकारी मिलते ही अफसरों ने कंपनी पर जुर्माना तक ठोक दिया था। बताते हैं कि एडीआरएम, सीनियर डीसीएम, एसीएम, सीसीआई आदि ने निरीक्षण के दौरान कंपनी पर जुर्माना ठोका है।

# बुंदेलखंड कैमिस्ट एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन



**झांसी।** भारत सरकार के डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज के अधीन सेन्ट्रल ड्रग्स स्टेंडर्ड कन्ट्रोल ऑग्रेनाइजेशन के द्वारा 35 प्रकार की फिक्स डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) की जीवन रक्षक औषधियों के विकय पर प्रतिबद्ध लगाये जाने के द्वारा कैमिस्टों का उक्त औषधियों का स्टॉक निर्माता कम्पनियों के द्वारा वापिस लिये जाने के संबंध में बुंदेलखंड कैमिस्ट एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा है कि भारत सरकार के डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज के अधीन सेन्ट्रल ड्रग्स स्टेंडर्ड कन्ट्रोल ऑग्रेनाइजेशन के द्वारा 35 प्रकार की फिक्स डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) की जीवन रक्षक औषधियों के विक्रय पर प्रतिबद्ध लगा दिया गया है जिसमें बहु राष्ट्रीय निर्माता कम्पनियों के द्वारा अति प्रचलित बहु राष्ट्रीय जीवन रक्षक औषधियों के ब्राण्ड मार्केट में सी एण्ड एफ से लेकर से डीलर, स्टॉकिस्ट, होलसेलर व रिटेलर कैमिस्टों के बीच करोड़ों का स्टॉक सर्कुलेट है यदि इस स्टॉक को निर्माता कम्पनी वापिस नहीं लेती है तो कैमिस्टों का आर्थिक स्तर पर काफी नुकसान होगा व प्रतिबंधित औषधियों को वापिस कराने का दायित्व पूर्ण रूप से भारत सरकार का है।

ज्ञापन में कहा है कि कैमिस्ट हित में एफडीसी की प्रतिबंधित औषधियों के मार्केट में सीएण्डएफ से लेकर डीलर, स्टॉकिस्ट, होलसेलर व रिटेलर तक के सर्कुलेट स्टॉक को निर्माता कम्पनियों के द्वारा वापिस लिया जाना चाहिये, यह भारत सरकार का दायित्व भी है, ताकि प्रतिबंधित दबायें वापिस हो सके व कैमिस्ट हित में किसी प्रकार की आर्थिक क्षति न हो। आपकी अति कृपा होगी। ज्ञापन देने वालों में संजय जैन, रवि मंगलवानी, मनस्वी जैन, रोहित उपाध्याय, विनय उपाध्याय, रोहित अग्रवाल, हृदेश वर्मा, विष्णु अग्रवाल, गिरजा शंकर राय, मनीष अग्रवाल आदि लोग शामिल रहे है।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र जनहित का सजग प्रहरी

जन जन जागरण

झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित

आवश्यकता है

दैनिक समाचार पत्र जन जन जागरण को जनपद ब्यूरो व तहसील सवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क कर सकते है। जिन्हें दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने का ज्ञान हो। जहां पर प्रतिनिधि चाहिए उन स्थानों के नाम दिए जा रहे है।

**जनपद झांसी:** रक्सा, बड़ागांव, चिरगांव, मोंठ, पूंछ, ऐरच, गुरसरांय, बामौर, ककरबई, मऊरानीपुर, टहरौली, टोड़ीफतेहपुर, रानीपुर, सकरार, आदि।

**जनपद ललितपुर:** तालबेहट, पूराकलां, बांसी, बार बानपुर, महरौनी, मड़ावरा, जाखलौन, जखौरा, विरधा, पाली, बालाबेहट, राजघाट आदि।

**जनपद उरई:** एट, आटा, कुठौंद, जालौन, कालपी, कोंच, कदौरा, माधौगड़, आदि।

**जनपद महोबा:** कबरई, चरखारी, खरेला, बेलाताल, श्रीनगर, जैतपुर, आदि।

**ब्यूरो प्रमुख:** जनपद हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, कानपुर, उन्नाव, आगरा, इटावा, औरैया, मैनपुरी, आदि जनपदों में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।

सम्पर्क: 9936277530, 9450071944

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
**संपादक: बालेन्द्र गुप्ता** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोन: 9936277530, 9450071944, ई-मेल: balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946